



हरिभूमि
# रायपुर भूमि



**महादेवघाट का विसर्जन कुंड तैयार**

## शहर में 3 दिनों तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, 2 अक्टूबर से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 2 से 4 अक्टूबर तक महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड में विधि-विधान से किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने जोनवार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। तीन पाली में प्रभारी अधिकारी के रूप में जोन कमिश्नर, सहायक अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता और समयपाल की ड्यूटी रहेगी। 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व के दिन से मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू होगा। शहर में 9 दिनों तक पारंपरिक भक्ति और उत्साह के साथ आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्रि का समापन 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ होगा। राजधानी में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था नगर निगम ने शुरू कर दी है। इसके लिए नगर निगम जोन 8 द्वारा रायपुरा के महादेवघाट के पास स्थित विसर्जन कुंड की साफ-सफाई कराने के बाद उसमें दोबारा साफ पानी भरा जा रहा है। जोन 8 कमिश्नरी राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में विसर्जन स्थल पर लाइट, क्रेन, स्टेज, लाउड ▶▶ शेष पेज 12 पर

### 90 गोताखोर रहेंगे विसर्जन कुंड स्थल पर

दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सुचारू रूप से हो, इसके लिए तीन पाली में 90 गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक पाली में 30 गोताखोर कुंड स्थल पर मौजूद रहेंगे। पूजन सामग्री को कुंड में डालने की जगह अलग रखने की व्यवस्था रहेगी। मंगलवार से विसर्जन स्थल के आसपास बैरिकेडिंग का कार्य कराने की तैयारी है। साथ ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था की निगरानी करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के बैठने के लिए अलग से स्टेज बनाया जा रहा है।

---

**नवरात्रि विशेष**



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

---

कलेक्टोरेट बिल्डिंग का मामला, छत गिरने के दो कारण आ रहे सामने


## खस्ताहाल बिल्डिंग की छत पर सोलर पैनल पड़ा भारी, मेंटेनेंस भी नहीं, इसलिए धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अंग्रेजों के जमाने में बनी बिल्डिंग के रूम की छत धसने के दो प्रमुख कारण हैं। जर्जर हो चुके रूम का सालों से मेंटनेंस का काम नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार का रेनोवेशन हुआ है, जिससे छत में सीपेज होने लगा था। दूसरा कारण इस खस्ताहाल रूम की छत पर सीपेज आने के बावजूद सोलर पैनल सिस्टम लगा दिया गया, जिसका वजन छत सह नहीं पाई और धसक गई। हरिभूमि ने अपनी पड़ताल में इन दोनों कारण से हादसा होना पाया है।

**हरिभूमि फॉलोअप**







### कलेक्टर रूम को छोड़कर अन्य कमरों में कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि की पड़ताल में यह भी पता चला है कि लगभग 115 साल पुरानी कलेक्टरोट की बिल्डिंग में कलेक्टर का कमरा छोड़कर अन्य सभी कमरों में छत से लेकर दीवार तक धसकने की आशंका बनी हुई है। इन सभी कमरों में बारिश के दिनों में सीपेज आता है, वहीं कुछ कमरों में तो छत से पानी भी टपक रहा है। कमरा नंबर-8 में हुए इस हादसे के बाद अब अन्य कमरों में बैठने वाले अधिकारी-कर्मचारी सभी दहशत में हैं। सभी को अब अपनी जान की चिंता सताने लगी है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए इन कमरों में बैठने वाले कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पूरी बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। कमरे में बैठने में अब खासकर बारिश के दिनों में बहुत डर लगता है।

### अफसरों के कमरों में रेनोवेशन पर लाखों खर्च

इस पुरानी जर्जर बिल्डिंग के कई कमरों में अफसरों के लिए अलग से कमरे बने हुए हैं। इन सभी अफसरों के कमरों को रेनोवेशन किया गया है, जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। इसके अलावा अधीक्षक सहित कुछ कमरों के हाल में भी लाखों रुपए खर्च कर नया फर्नीचर लगाया गया है। कुछ कर्मचारियों का यह भी कहना है कि इस तरह खस्ताहाल बिल्डिंग में रेनोवेशन पर लाखों रुपये खर्च किया जाना शासन के पैसों की बर्बादी है। रेनोवेशन करना ही था तो नए सिरे से बिल्डिंग का निर्माण कर किया जाना था।

### रिकॉर्ड रूम में दसकों पुराने दस्तावेजों पर भी मंडरा रहा खतरा

इस बिल्डिंग में रिकार्ड रूम भी है, जहां आजादी से पहले के भू-अभिलेख के लाखों दस्तावेज रखे हुए हैं। इन दस्तावेजों पर भी लगातार खतरा मंडरा रहा है। तीन मंजिला रिकार्ड रूम भी जर्जर हो चुका है, जिसके कारण यहां पदस्थ कर्मचारियों को भी अब डर सताने लगा है। अगर हादसा हुआ, तो जनहानि के साथ पुराने रिकार्ड भी मलबा में दबकर खराब हो सकते हैं, जिसका असर आम लोगों की प्रॉपर्टी के साथ कोर्ट में दाखिल राजस्व प्रकरणों पर पड़ सकता है।

### अधीक्षक सहित 7, 9, 10 एवं 11 नंबर कमरा में भी जगह-जगह सीपेज

कलेक्टोरेट के अधीक्षक कमरा के साथ 7, 9, 10 एवं 11 नंबर के कमरे भी पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। इन सभी कमरों के हॉल की दीवारों से लेकर छत पर सीपेज आ रहा है, वहीं कमरा 9 एवं 10 में तेज बारिश होते ही छत से कहीं-कहीं पानी भी टपकता है। यही नहीं, चूना एवं मिट्टी से बनी कमरों की छत बल्लियों के सहारे टिकी हुई हैं, जो लगातार सीपेज बने होने के कारण सड़ने लगी हैं। इन कारणों से इन कमरों की छत से लेकर दीवारें कभी भी धस सकती हैं।

### कृषि भवन एवं तीन मंजिला बिल्डिंग भी हो चुकी जर्जर

कलेक्टोरेट में बनी दूसरी तीन मंजिला बिल्डिंग भी जर्जर हो चुकी है। इस बिल्डिंग के चारों तरफ का हिस्सा जर्जर हो चुका है। टाउन हाल की तरफ का हिस्सा पूरी तरह से जर्जर है, जिसका बड़ा हिस्सा टूटकर गिर भी चुका है, वहीं बिल्डिंग के मुख्य गेट के सामने और दाएं तरफ के हिस्से में मरम्मत का कार्य कराया गया है, लेकिन इसके बाद भी यह बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है।

### शिफ्ट किए जाने की चर्चा

इस हादसे के बाद कलेक्टोरेट के जर्जर कमरों में बैठने वाले कर्मचारियों को अब दूसरी जगह अस्थाई रूप से शिफ्ट किए जाने की चर्चा है। हालांकि इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। उनका कहना है कि 5 मंजिला नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना है, जिसमें पुराने सभी दफ्तर शिफ्ट होंगे। इस बिल्डिंग के बनने तक फिलहाल जर्जर कमरों में बैठने वाले स्टॉफ के लिए क्या व्यवस्था की जाएगी, इस संबंध में अभी कोई आदेश नहीं मिले हैं।

---

**प्रशासन ने दिखाई सख्ती**

## 7 संचालकों का 3 दिन का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में रात 12 बजे के बाद भी होटल, बार, पब एवं क्लब खोलकर शराब परोसने वाले संचालकों पर प्रशासन ने अब सख्ती शुरू कर दी है। इसके तहत कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को 7 संचालकों को आबकारी विभाग द्वारा जारी किया लाइसेंस 3 दिन के लिए निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद अब निलंबित लाइसेंस वाले संचालक अपने होटल, बार एवं क्लब में 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक शराब परोस नहीं पाएंगे।

- रात 12 बजे के बाद होटल-बार खुलने पर कार्रवाई

**आबकारी विभाग ने मारा था छापा:** आबकारी विभाग ने चालू माह में शहर के वीआईपी रोड, नया रायपुर सहित अन्य कई इलाकों में संचालित होटल, बार, पब, ढाबा एवं क्लबों में रात 12 बजे के बाद छापा मारा था। इस कार्रवाई के दौरान कई जगहों पर अवैध रूप से शराब जब्त की, तो कई होटल, क्लब एवं बार ऐसे भी थे जिन्होंने शराब पिलाने के लिए आबकारी विभाग से लाइसेंस तो ले रखे थे, लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए रात 12 बजे के बाद भी ग्राहकों ▶▶ शेष पेज 12 पर

### जवाब से असंतुष्ट

आबकारी विभाग की छापा मार कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से प्रशासन को प्रतिवेदन भेजा गया था, जिसमें इन सातों संचालकों के होटल, बार एवं क्लब रात 12 बजे के बाद भी खोले जाने की जानकारी दी गई थी। इस प्रतिवेदन के आधार पर प्रशासन ने इसे अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए सभी संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब आने पर प्रशासन ने इसे संतोषजनक नहीं पाया।

### दोबारा गलती पर लाइसेंस निरस्त होंगे

प्रशासन ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि अगर दोबारा आबकारी अधिनियम नियम का उल्लंघन कर रात 12 बजे के बाद होटल, बार, क्लब या पब खुले रहेंगे, तो उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि निलंबन अवधि का संपूर्ण राजस्व लाइसेंसी द्वारा देय होगा तथा लाइसेंस निलंबन के लिए किसी प्रकार के प्रतिकर पाने या उसके संबंध में चुकाई गई किसी फीस या निक्षेप के प्रतिदाय का हकदार नही होगा।

---

**खबर संक्षेप**

### स्टेट बार काउंसिल के लिए आज मतदान



रायपुर। स्टेट बार काउंसिल के लिए एक दशक बाद चुनाव हो रहा है। बार काउंसिल के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी के लिए शनिवार को मतदान होगा। चुनाव में भाग्य अजमाने के लिए 105 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में रायपुर के 16 प्रत्याशी मैदान पर उतरे हैं। प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने वकीलों से संपर्क कर चुनाव में सहयोग करने अपील कर रहे हैं। स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में प्रत्येक अधिवक्ता को वरीयता के आधार पर न्यूनतम 5 और अधिकतम 25 वोट डालने का अधिकार होगा। नवनिर्वाचित परिषद का कार्यकाल पांच वर्षों का होगा। अधिवक्ताओं में इस चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

### दहेज प्रताड़ना खुदकुशी पति को 10 वर्ष कैद

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर महिला की खुदकुशी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह ने महिला के पति को 10 वर्ष कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कैलाश अगाशे के अनुसार कोर्ट ने सुनीता चक्रधारी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में उसके पति धर्मेंद्र कुमार चक्रधारी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

## नाबालिग पर अबॉर्शन का दबाव, किशोरी ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर प्रेमी को मारा

हत्या करने के बाद किशोरी ने घर पहुंचकर मां को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने बिलासपुर पुलिस की सूचना पर एक लॉज के कमरे से एक युवक की लाश बरमाद की है। युवक की हत्या करने के बाद नाबालिग लड़की ने घर पहुंचकर अपनी मां को घटना के बारे में जानकारी दी, तब लड़की को लेकर उसकी मां अपने क्षेत्र के संबंधित थाने लेकर गई। वहां उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी, तब गंज पुलिस को होटल में युवक की हत्या करने की जानकारी मिली। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपनी प्रेग्नेंट नाबालिग प्रेमिका पर अबॉर्शन के लिए दबाव बनाना बताया जा रहा है। किशोरी को लेने पुलिस बिलासपुर रवाना हो गई है। सत्कार गली स्थित एवन लॉज में पुलिस ने मूलतः बिहार, किशनगंज निवासी मोहम्मद सद्दाम की लाश बरामद की है। किशोरी रविवार को सद्दाम की हत्या कर रूम में ताला बंद कर चुपचाप बिलासपुर चली गई। घर पहुंचने ▶▶ शेष पेज 12 पर

- बेटी को मां ने कोनी थाने ले जाकर पुलिस को दी घटना की जानकारी

### दूसरे दिन पुनः कमरा बुक कराया

शनिवार को लॉज छोड़ने के बाद सद्दाम तथा किशोरी पुनः उसी लॉज में गए। वहां दोनों ने पुनः कमरा बुक कराया। दोपहर को खाना खाने के बाद दोनों सो गए। इस दौरान लड़की ने सद्दाम के बैग से चाकू निकालकर उसके गले में ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। सद्दाम की हत्या करने के बाद किशोरी रूम का ताला बंद कर चाबी रेलवे ट्रैक में फेंक कर बिलासपुर लौट गई।

### आरपीएफ जवान ने कहा माता-पिता को लेकर आओ

बताया जा रहा है, गुस्से में आकर सद्दाम की हत्या करने के बाद किशोरी बुरी तरह से डर गई। उसे थाना की जानकारी नहीं थी। वह बिलासपुर जाने रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन में किशोरी ने एक आरपीएफ जवान को हत्या करने की जानकारी दी। आरपीएफ ने किशोरी को अपने मां-बाप को बुलाने कहा। बिलासपुर पहुंचने के दूसरे दिन सोमवार को घटना की जानकारी अपनी मां को दी।

### अबॉर्शन नहीं कराने पर जान से मारने की धमकी

जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती होने के बाद सद्दाम किशोरी से मिलने बिलासपुर जाता था। इस दौरान किशोरी प्रेग्नेंट हो गई। किशोरी ने इस बात की जानकारी सद्दाम को दी। इसके बाद सद्दाम ने किशोरी को मिलने शनिवार को रायपुर बुलाया। सद्दाम ने अपने आधार कार्ड से लॉज में कमरा बुक किया। बताया जा रहा है, सद्दाम ने किशोरी पर अबॉर्शन करने दबाव बनाया। किशोरी के अबॉर्शन कराने से इनकार करने पर सद्दाम ने उसे जान से मारने की धमकी की। इस पर दोनों के बीच सुलह हो गई। इसके बाद दोनों लॉज छोड़कर चले गए।

---

## प्राइवेट स्टूडेंट सिर्फ आज दे सकेंगे अर्जी, कल से 2 हजार विलंब शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 30 सितंबर को कक्षा 10वीं और 12वीं के प्राइवेट छात्रों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया बंद कर देगा, हालांकि जिन छात्रों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे लेट फीस के साथ 11 अक्टूबर तक फॉर्म भर सकते हैं। यह पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू हुई थी और छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई एक विषय की परीक्षा देना चाहता है तो 320 रुपए का भुगतान करना होगा। अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने के लिए भी प्रति ▶▶ शेष पेज 12 पर

- 10वीं-12वीं के स्वाध्यायी छात्र कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

### ऑनलाइन चुनना होगा केंद्र

ऑनलाइन पंजीकरण करते समय जिस परीक्षा सेंटर का चयन किया जाएगा, उसी के आधार पर उसे आवंटन किया जाएगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि आवेदन फॉर्म व फीस का भुगतान ऑनलाइन मोड में ही करना है। अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद छात्र आवेदन नहीं कर सकेंगे। ऐसे छात्र जो बोर्ड परीक्षा 2020, 2021, 2022, 2023, 2024, और 2025 में फेल हुए थे वे छात्र आवेदन करके वर्ष 2026 की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

---

## बैठाने की जगह नहीं, ऑफलाइन संग हाइब्रिड मोड में होगी स्वाध्यायी छात्रों की कक्षाएं

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी कक्षाएं हैं अनिवार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महाविद्यालय अब प्राइवेट स्टूडेंट्स को ऑनलाइन मोड में पढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में

परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए भी कक्षाएं आयोजित करने प्रावधान है। हालांकि नियमित छात्रों की तुलना में स्वाध्यायी छात्रों को अपेक्षाकृत कम कक्षाओं में उपस्थित होना पड़ता है। छात्र जिस कॉलेज का चुनाव केंद्र के रूप में करते हैं, उनकी कक्षाओं का संचालन भी उसी महाविद्यालय में होगा। चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सभी विषयों में उत्तीर्ण नहीं होने वाले विद्यार्थियों को भी दूसरे वर्ष अर्थात तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश देने का प्रावधान है, ऐसे में दूसरे वर्ष में ▶▶ शेष पेज 12 पर

- दिसंबर माह में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए अक्टूबर-नवंबर में संचालित होंगी कक्षाएं



### मोड का जिक्र नहीं

स्वाध्यायी छात्रों की कक्षाएं संचालित करने निर्देश हैं। माध्यम पर कोई बंदिश नहीं है। समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने निजी छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं भी संचालित करेंगे।

\- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य महंत महाविद्यालय

### रेगुलर-प्राइवेट का अध्यापन एक साथ

कई महाविद्यालय नियमित छात्रों के लिए लगाई जाने वाली कक्षाओं को ऑनलाइन मोड में भी दिखा रहे हैं, ताकि जो प्राइवेट स्टूडेंट ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए पृथक कक्षाएं संचालित करने की आवश्यकता ना पड़े। अर्थात एक साथ ऑफलाइन व ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन हो रहा है। इसके अतिरिक्त ऐसे टॉपिक, जिनमें ऑफलाइन मार्गदर्शन आवश्यक है, उनके लिए प्राइवेट छात्रों को भी ऑफलाइन कक्षाओं में उपस्थित रहने निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं में भी भौतिक उपस्थिति आवश्यक है।

---

## दहेज नहीं देने पर पत्नी को जलाया, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दहेज नहीं देने पर पत्नी को जिंदा जलाकर मारने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक रश्मि रानी के अनुसार नरेंद्र अपनी पत्नी चंद्रवती को दहेज कम लाने की बात को लेकर विवाद कर उसके साथ मारपीट करता था। अपनी पत्नी की हत्या करने की नीयत से नरेंद्र ने 31 मार्च 2022 को सुबह चंद्रवती के ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा दिया। आग से बुरी तरह से झुलसी चंद्रवती ने अपने पिता को कॉल कर घटना की जानकारी दी। चंद्रवती के पिता अपनी बेटी का उपचार कराने अस्पताल ले गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बेटी की मौत होने पर चंद्रवती के पिता ने 2 अप्रैल 2022 को विधानसभा थाने में अपने दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### आरंग में चैतन्य झांकी का आज अंतिम दिन

**आरंग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुढ़ियारी पारा स्थित सेवा केन्द्र में 25 से 30 सितम्बर तक चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया है। भक्तजन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक आदिशक्ति मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली, गंगा, और उमा देवी के दर्शन कर पायेंगे। आयोजित झांकी के चतुर्थ दिवस दीप प्रज्वलित करने आये भ्राता ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार, भ्राता पवन साहू पत्रकार, भ्राता जयशंकर यादव, भ्राता डॉ. स्वपनिल चन्द्राकर ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्रुव कुमार मिर्धा ने कहा यह चैतन्य देवी की झांकी दर्शकजन अच्छे लाभ रहे हैं यहां आने से बहुत शांति है। भ्राता पवन साहू ने कहा इस प्रकार के आयोजन होना बहुत सौभाग्य की बात है। देर रात तक श्रदालू लोग दर्शन करने आ रहे थे। राजयोग शिविर 1 से 7 अक्टूबर व समय सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक, तथा शाम 7 बजे से 8 बजे तक रखा गया है।

## निधन

### मुन्ना हिम्लेश तिवारी



**तिल्दा नेवरा।** पुरानी बस्ती तिल्दा निवासी स्व विष्णु प्रसाद तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र मुन्ना हिम्लेश तिवारी बीरगांव निवासी का निधन सोमवार शाम हो गया। वे तिल्दा नेवरा के अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह तिल्दा बस्ती से निकली जाएगी।

# गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम में घासीदास बाबा के विवाह प्रसंग का वर्णन

## मौहागांव में गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम में पुष्पा वर्षाकर मंगल गीत गाए, समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

मौहागांव समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों की ओर से 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक सात दिवसीय सतनाम ग्रंथ एवं गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम आयोजित हो रही। छटवां दिन सोमवार को राज सतनाम सतसंग संत ग्रंथ कर्ता राजमंहत मानदास आंनद एवं संगीत साथियों के वृंदा मजगांव जिला बेमेतरा सतनाम ग्रंथ गुरु गद्दी पूजा से गिरौदपुरी बाबा गुरू घासीदास जी की जीवन चरित्र पर सामाजिक सांस्कृति, संविधान पर आधारित कार्यक्रम छटवां दिवस में कथा प्रवचन के आधार पर माता सफुरा - गुरु घासीदास बाबा जी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा माता सफुरा - बाबा घासीदास विवाह से मनमोहक झांकी माध्यम से प्रस्तुत की गई।जिसे देख पूरा पंडाल माता सफुरा - घासीदास बाबा जयकारे से गुंजायमान हो उठा।गीतो से सभी संत समाज झूमने लगे।

इस दौरान बाबा गुरू घासीदास की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तार पर थिरकते रहे।इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ।संतों द्वारा माता सफुरा - घासीदास बाबा के पैर धोकर चरण अमृत लेकर पूजा-अर्चना की और मंगल आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। वहीं बाबा जी शादी संत समाज ग्रामवासियों ने टिकावन व उपहार भी भेंट किए।





### आकर्षक झांकी और पंथी नृत्य

विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए।इस मौके पर माता सफुरा - गुरू घासीदास बाबा जी विवाह की आकर्षक झांकी ने संत समाज का मन मोह लिया।वहीं संगीतमय भजनों पर सतनामी भाई पंथी नृत्य खूब नाचे।सतनाम ग्रंथ के मध्य बाबा गुरू घासीदास की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई।बारात में सैकड़ों की संख्या में संत समाज बाराती बनकर झूमते-नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे।

## आयोजन: भाजपा की पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी

# समाज में समता के लिए पं. दीनदयाल ने एकात्म मानववाद का दिया है सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण के तत्वाधान में विगत दिनो सद्भावना भवन आरंग में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर संगोष्ठी एवं जिला कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन पार्टी कार्यकर्ताओं में वैचारिक मार्गदर्शन और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से किया गया था। साथ ही मंडल स्तर पर प्रदेश एवं जिला के निर्देश पर मंडल कार्यशालाओं का आयोजन 30 सितंबर तक पूर्ण करने निर्देशित किया गया। आरंग मे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर एवं विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव एवं जिलाध्यक्ष श्याम नारंग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

संगोष्ठी के पश्चात जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता छग गृह मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" और "नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स" विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल नारा नहीं बल्कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ठोस प्रयास है, जिसमें स्थानीय उद्योगों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने का संकल्प निहित है। वहीं, जीएसटी सुधारों को लेकर विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले समय में यह कर प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाएंगे। इससे व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम जनता सभी को राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला संगठन की गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी की पहुँच बढ़ाने और आम जनता के साथ सतत संवाद कायम रखने पर विशेष जोर दिया गया, सभी मंडल प्रभारियो द्वारा अपने अपने मंडलो मे कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करके बुथ तक हर घर स्वदेशी, घर -घर स्वदेशी के नारे को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं संकल्प पत्र भरवाने एवं जीएसटी रिर्फाम के कार्यक्रम को बचत उत्सव के रुप मे मनाने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कुशलतापूर्वक किया।

अंत में आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम मे रायपुर जिला ग्रामीण के सभी प्रदेश जिला पदाधिकारी, जिला के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, कार्यक्रम के मंडल संयोजक सह-संयोजक एवं भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति ने यह स्पष्ट किया कि संगठनात्मक कार्यों में कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं।

# न्यायिक जांच की मांग, पूर्व विधायक पटेल धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/कूंरा



सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के एक निजी उद्योग में 26 सितंबर को हुए भयानक ब्लास्ट में 06 श्रमिकों की मौत और 06 के झुलसने के मामले को लेकर पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने न्यायिक जांच की मांग को लेकर सोमवार को फैक्ट्री के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने इस हादसे की उच्च स्तरीय न्यायिक जाँच की माँग की। बल्कि फैक्ट्री मालिक और प्रबंधन पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की भी पुरजोर माँग की। मीडिया से बात करते हुए, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि 46 लाख का मुआवजा देना प्रबंधन की दरियादिली नहीं, बल्कि अपने अपराध को छिपाने की हड़बड़ी है। पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने स्पष्ट किया कि उनका यह धरना केवल एक सांकेतिक विरोध नहीं है, बल्कि मज़दूरों के लिए न्याय की लड़ाई की शुरुआत है। जल्द ही इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाक़ात करूंगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरोज चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती रूखमणी वर्मा, भाजपा प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भरत सोनी, शेखर वर्मा, सूरज टण्डन, दिलेन्द्र यदु, कोमल यदु,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मानस संगठन ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**आरंग।** राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन आरंग ने शारदीय कुंवार नवरात्रि में सोमवार तिथि सप्तमी को मानस लोधी, हीरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, संतोष लाल लोधी, ओमकार विश्वकर्मा, अशोक साहू, टोकेश साहू इन पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने धर्म नगरी आरंग के प्राचीन महामाया मंदिर, शीतला माता मंदिर, सामिया माता मंदिर, सार्वजनिक नव दुर्गा पंडालों, महामाया पारा, गुढ़ियारी पारा, आजाद चौक, श्याम बाजार चौक, बागेश्वर पारा, लोधी पारा, कर्मा माता, कॉलेज चौक, दीनदयाल कॉलोनी, इंदिरा चौक इत्यादि दुर्गा पंडाल पर हनुमान चालीसा राम स्तुति मां दुर्गा के मंत्र उच्चारण के साथ सोलह श्रृंगार, श्रीफल, चुनरी मां के चरणों में भेंट किया।

# ग्राम समोदा के कन्याकुमारी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

नवरात्रि के पावन अवसर पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत समोदा में महानदी नदी के तट पर स्थित माता कन्याकुमारी मंदिर में भक्तों का मेला लगा हुआ है। नवरात्रि के सप्तमी दिवस पर बुधवार को मंदिर में भक्तों ने 150 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़े। माता कन्याकुमारी मंदिर की सेविका श्यामा कुमारी प्रजापति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी चैत्र और क्वार नवरात्रि में समोदा सहित आसपास के सैकड़ों गांवों से भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, माता कन्याकुमारी के प्रति भक्तों की आस्था अटूट है। मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, और इस बार भी भक्तों ने उत्साहपूर्वक 150 ज्योत प्रज्वलित किए। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युतीय रोशनी, फूल-मालाओं और तोरणों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में सुबह-शाम भक्ति भजनों और जसगीत की सुमधुर ध्वनि गूंज रही है। सेवागीत मंडलियां मंदिर-मंदिर जाकर माता की सेवा में भजनों का गायन कर रही हैं।

मंदिर के आसपास नारियल, अगरबत्ती, फूल, बच्चों के खिलौने, गुब्बारे और झूलों की दुकानों से मेला जैसा माहौल बन गया है। क्षेत्र के भक्तों की भारी भीड़ और उत्साह ने मंदिर परिसर की रौनक को और बढ़ा दिया है। नवरात्रि के दौरान मंदिर क्षेत्र में आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहां श्रद्धालु माता के चरणों में अपनी मनोकामनाएं अर्पित कर रहे हैं।



# एनएसएस के स्थापना दिवस पर लोधी कालेज में गरबा रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) का मूल उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना और सेवा भाव के साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है। इसी भावना को मूर्त रूप देते हुए बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय, आरंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ाना रहा। स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, नियमित जांच एवं बीमारियों की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। यह शिविर विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित रहा, जिससे नारी सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल हुई। आज के समय में महिलाओं का सशक्त और स्वस्थ होना समाज के विकास के लिए अनिवार्य है, इसी दृष्टि से यह शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम को और भी रोचक बनाने हेतु सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी आकृतियों और सामाजिक संदेशों से सुसज्जित रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं गरबा प्रतियोगिता ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

### सहकारी समिति की सभा में जीएसटी की जानकारी दी



**अभनपुर।** ग्राम सिवनी स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में किसान आमसभा एवं जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेंद्र बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सभापति सहकारिता श्रीमती चंचल दीवान, प्राधिकृत अधिकारी दीपक राजा दीवान, प्रदीप शर्मा एवं अन्य अतिथि शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने किसानों को जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और समय-समय पर सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया वहीं प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के उपकरणों पर जीएसटी दर में दी गई छूट और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभापति महिला एवं बाल विकास श्रीमती हेमलता विनोद चंद्राकर,विजय सिन्हा बलराम साहू, ब्रांच मैनेजर दीवान एवं श्री यादव, सिवनी सरपंच श्रीमती ललिता मरकाम तथा धूसेरा सरपंच नरेश बैंस सहित क्षेत्र के वरिष्ठ एवं उन्नतशील किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में जिला प्रशासन रायपुर भारतीय रेट क्रॉस सोसाइटी शाखा रायपुर एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ, ऑर्थो सर्जन, सिकल सेल परीक्षण, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला, जनरल सर्जन, दंत रोग विशेषज्ञ, सहित अन्य कई विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित हुए। आज सोमवार सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक उक्त शिविर का आयोजन किया गया सुबह उक्त शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, पार्षद रानी सौरभ जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, आदि के द्वारा पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया , अतिथियों ने सभी विभागों के लगे स्टाल में जाकर जायजा लिए, मरीजों से चर्चा किया गया, पार्षद रानी सौरभ जैन द्वारा अपना भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं सर्वप्रथम अमरजीत पासवान, राजेश निर्मलकर व मनोज निषाद के द्वारा रक्तदान किया गया। भाजपा के शहर महामंत्री सौरभ जैन द्वारा रक्तदान करने उपस्थित लोगों के लिए फल, बिस्किट आदि वितरित किए गए एवं रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र दिया गया, इस अवसर पर पार्षद सतीश निषाद, मनोज निषाद,विनोद नेताम, दिनेश साहू, सुधा चौबे, अमरजीत पासवान, मंजू तिवारी सहित बीएमओ डॉक्टर आशीष सिन्हा ,डॉक्टर श्रीमती उमा पैकरा, बीपीएम ममता सुनानी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक गण उपस्थित हुए ,वहीं भारी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर उक्त स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

### दुपहिया चालक की सड़क हादसे में मौत

तिल्दा नेवरा। सोमवार को ग्राम गनियारी निवासी शिवभान वर्मा 52 वर्ष अपनी दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजेड 2704 से तिल्दा की तरफ जा रहा था तुलसी हाई स्कूल के पास मेन रोड पर पहुंचा था तभी उसके आगे एक हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएफ 5486 जा रहा था, शिवभान उक्त हाईवा वाहन से आगे हो गया और उक्त हाईवा वाहन चालक अपने हाइवा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर दोपहिया वाहन को ठोकर मार दिया, जिससे शिवभान दो पहिया वाहन सहित गिर गया उसका एक पर हाइवा वाहन के चक्के में भी फंस गया था उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। नेवरा पुलिस ने आरोपी हाइवा वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 , 1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## धरसींवा, कूरां में युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

# महंगी बिजली के खिलाफ बिल जलाकर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में लगातार वृद्धि और दोगुने बिलों से आम जनता के संकट को लेकर आज धरसींवा विधानसभा में युवा कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग की परेशानी को मुद्दा बनाते हुए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरसींवा बिजली कार्यालय पहुंचकर प्रतीकात्मक रूप से बिजली बिल जलाकर अपना तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगी बिजली बंद करो जैसे नारे लगाए। यह प्रदर्शन प्रदेशव्यापी आंदोलन के पहले चरण के तहत आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली जैसी बुनियादी आवश्यकता पर जनता को राहत मिलनी चाहिए, बोझ नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनविरोधी रवैया नहीं बदला और मनमानी दरें वापस नहीं लीं, तो यह आंदोलन भविष्य में और अधिक उग्र स्वरूप धारण करेगा। विरोध प्रदर्शन में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा सहित ब्लॉक और जिला स्तर के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

### बिजली दर में वृद्धि पर कांग्रेस बिफरी

कूंरा। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती बिजली दरों और दोगुने बिजली बिलों ने आम जनता का जीवन संकट में डाल दिया है। किसानों, मजदूरों, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यापारियों की कमर टूट चुकी है। घरों का बजट बिगड़ गया है और हर वर्ग महंगाई के बोझ तले दब चुका है। इसी गंभीर समस्या को लेकर आज धरसींवा विधानसभा में युवा कांग्रेस ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ़ जमकर हुंकार भरी। धरसींवा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन के दौरान सैकड़ों कांग्रेसजन धरसींवा बिजली कार्यालय पहुँचे और प्रतीकात्मक रूप से बिजली बिल जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। नारे लगाकर सरकार को चेतावनी दी कि यदि बिजली दरों की मनमानी तुरंत वापस नहीं ली गई, तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा। यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष सजल चंद्राकर के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के रूप में आयोजित किया गया। इसमें युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सेवा दल, एन.एस.यू.आई. समेत विभिन्न बूथ, ज़ोन, सेक्टर और मंडलों से कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार वर्मा ने कहा कि "बिजली जैसी बुनियादी आवश्यकता पर जनता को राहत मिलनी चाहिए, बोझ नहीं। आज गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार सरकार की गलत नीतियों के कारण परेशान हैं।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र. /अ-21/2025 धरसींवा, दिनांक 29/09/2025**

**ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदकगण 01 श्रवण कुमार, मंगलहीन, रज्जू बाई पिस. स्व. ग्यानु पारधी सभी निवासी ग्राम कूंरा तहसील धरसींवा जिला रायपर छ.ग. द्वारा भूमि विक्रय अनुमति बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है, कि ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. रायपुर-15 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 132/8 एवं 208/7 कुल 02 खसरा कुल रकबा क्रमशः 0.2760 एवं 0.3240 हे. भूमि को ऋण अदायगी हेतु विक्रय करने की अनुमति चाही गई है। नियमानुसार जांच करने हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय जिला रायपुर से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है । अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15/10/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

(मुहर) **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील धरसीवा प.ह.न. - 00013 दोंदेखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425440718300068

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम दोंदेखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी मध्य प्रदेश गृह निर्माण रायपुर पिता/पति-मध्य प्रदेश गृह निर्माण रायपुर पता-मध्य प्रदेश गृह निर्माण रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 224/4(0.0097) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता करण पटेल पिता/पति अशोक पटेल पता-न्यू ईशु प्रोविजन स्टोर के सामने पचरी पारा दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी;।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार- Ashok Kumar Janghel**
(मुहर) **उप तहसील सारागांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### वांगचुक के समर्थन में आप का प्रदर्शन

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में कैंडल मार्च जलाकर शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन किया। सोमवार शाम आंबेडकर चौक में यह प्रदर्शन हुआ। आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेशाध्यक्ष विजय झा ने कहा, सोनम वांगचुक ने लद्दाख की अस्मिता और बच्चों की शिक्षा के लिए सालों काम किया। लद्दाख की जमीन निजी हाथों में जमीन देने के बीच सबसे बड़ी बाधा सरकार को सोनम वांगचुक दिख रहे थे। यही वजह है कि सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर उन पर एनएसए लगाया है। प्रदर्शन में मिहिर कुर्मी, पुनारद निषाद, अनुषा जोसेफ, शिव शर्मा, पवन सक्सेना सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस जांच दल ने कंपनी प्रबंधन और प्रशासन को माना हादसे का जिम्मेदार



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के जांच दल ने घटनास्थल का जायजा लेकर कंपनी प्रबंधन के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी से जानकारी लेकर स्थानीय निवासियों से भी भेंट कर हादसे के कारणों की पड़ताल की, फिर जांच दल ने घायलों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कांग्रेस जांच दल ने कंपनी प्रबंधन और प्रशासन को हादसे का जिम्मेदार माना। मृतकों को 10 करोड़ एवं घायलों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग की है। जांच दल में पूर्व सांसद छाया वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, महामंत्री दीपक मिश्रा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, महापौर बिरगांव नंदलाल देवांगन समेत कांग्रेसजन शामिल रहे।

# बिजली की शिकायतों के लिए प्रदेश में सात नए उपभोक्ता फोरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को होने वाली शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में तो शिकायतें होती ही हैं, लेकिन पॉवर कंपनी में कई बार शिकायतों का निराकरण न होने के कारण इसकी शिकायतें बिजली उपभोक्ता फोरम में भी की जाती हैं।

इतने बड़े प्रदेश में अब तक महज तीन जिलों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में ही उपभोक्ता फोरम काम कर रहे थे, लेकिन अब उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधा देते हुए दस जिलों में बिजली के उपभोक्ता फोरम बना दिए गए हैं। इनके अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी गई है। रायपुर में एक के स्थान पर दो फोरम बनाते हुए रायपुर ग्रामीण के लिए अलग फोरम बना दिया गया है। इसके अलावा लोकपाल में अपील करने के लिए नए लोकपाल की भी नियुक्ति की गई है। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। इस समय 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हो गए हैं। इनकी बिजली बंद होने से लेकर नए कनेक्शन, लो वोल्टेज, लगत बिलिंग के साथ ही कई तरह की शिकायतें होती हैं। आमतौर पर उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत करने का काम छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के दफ्तरों में ही करते हैं, लेकिन इनकी समस्या का निराकरण जब पॉवर कंपनी में नहीं होता है तो उपभोक्ता फोरम की शरण में भी जाते हैं। अब तक प्रदेश के पांच संभागों में से महज तीन संभागों में भी उपभोक्ता फोरम होने के कारण उपभोक्ताओं को फोरम में शिकायत के लिए परेशानी होती रही है। इसको देखते हुए अब सात नए फोरम बना दिए गए हैं।

**रायपुर ग्रामीण फोरम में महासमुंद, धमतरी और आसपास के उपभोक्ता भी कर सकेंगे शिकायत**



### लोकपाल की भी नियुक्ति

उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पॉवर कंपनी में न होने पर जब वे उपभोक्ता फोरम जाते हैं और वहां पर उसकी शिकायत पर जो भी फैसला होता है, उससे अगर उपभोक्ता संतुष्ट नहीं होते हैं तो वे लोकपाल में अपील कर सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी को नया लोकपाल बनाया गया है। इस समय बिजली नियामक आयोग के सचिव एपी शुक्ला के पास लोकपाल का प्रभार है। नए लोकपाल अगले माह कार्यभार संभालेंगे तो वे श्री शुक्ला प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

### अध्यक्षों को जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश

जो नए उपभोक्ता फोरम बनाए गए हैं और जो पुराने फोरम में उनमें भी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। रायपुर शहर में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमडी बड़गैया, रायपुर ग्रामीण में अशोक खंडेलवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। रायपुर ग्रामीण फोरम में महासमुंद, धमतरी, सरायपाली, पिथौरा के भी उपभोक्ता अपनी शिकायत कर सकेंगे। अन्य फोरम में से दुर्ग में पूर्व मुख्य अभियंता पीवी संजीव, राजनांदगांव में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गौराहा, जगदलपुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता पीयूष राम साहू, अंबिकापुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता डीके सैनी, रायगढ़ में एक पूर्व आईपीएस श्री गोयल, बिलासपुर में पूर्व अभियंता सीएस वाजपेयी, भिलाई टाउनशिप में अनिल चौहान और जिंदल स्टील के लिए श्री नंदनवार को अध्यक्ष बनाया गया है। सभी अध्यक्षों को बिजली नियामक आयोग ने हर माह जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश भी दिए हैं। ज्यादातर अध्यक्षों के परभार भी संभाल लिया है।

**70 वार्डों के लिए 50-50 लाख रुपए की घोषणा की**

# रायपुर को मिली 150 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात उप मुख्यमंत्री साव ने 3 ओवर पास का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर शहर को 150 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही सुगम आवागमन के लिए 3 ओवरपास का शिलान्यास कर लाखों लोगों को राहत दी है। रिंग रोड नंबर 2 पर बनने वाले इस ओवरपास से जहां शहर के व्यस्त मार्गों पर यातायात सुगम होगा, वहीं सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने इस मौके पर कहा कि इन ओवरपास का निर्माण राजधानी में बढ़ती जनसंख्या और यातायात का दबाव को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इन पुलों के बनने से न केवल यातायात की समस्या कम होगी, बल्कि नागरिकों के समय की बचत और रोजमर्रा की यात्रा में सुविधा भी मिलेगी।

यह इस क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों में से एक थी, और हम इसे पूरा करने में सफल हुए हैं। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 4 बड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री साव ने रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में प्रत्येक वार्ड के लिए 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, ग्रामीण क्षेत्र विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ सहित निगम के पार्षद, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पश्चिम विधायक राजेश मूणत के साथ मिलकर दानवीर भामाशाह वार्ड के शुक्रवारी बाजार में शशिबाला कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में 3 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन भवन का लोकार्पण किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए शाला भवन में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।



### साव की घोषणा- निगम को 462 करोड़, 59 करोड़ पश्चिम को

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर नगर निगम को 462 करोड़ रुपये और रायपुर पश्चिम विधानसभा को 59 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। महापौर मीनल चौबे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह केवल पानी की टंकी का भूमिपूजन नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति है। जब से महापौर बनी हूं, देख रही हूं कि बीते पांच वर्षों से नागरिक पेयजल संकट से जूझ रहे थे। अब समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास की गंगा बह रही है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है और आज उसी उद्देश्य की पूर्ति की जा रही है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री अरुण साव, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि भाजपा शासन में रायपुर का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

### दीक्षा नगर में नई पानी टंकी का भूमिपूजन

ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर में 19.60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पानी टंकी, पाइपलाइन, घरेलू कनेक्शन और स्काडा सिस्टम सहित जलप्रदाय परियोजना का भूमिपूजन हुआ।नई पानी टंकी के निर्माण होने से 75 हजार नागरिकों को आने वाले दिनों में पानी की समस्या नहीं रहेगी।

### ओवरपास निर्माण का भूमिपूजन

रिंग रोड नंबर 2 पर तीन महत्वपूर्ण ओवरपास निर्माण कार्य का सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन किया। पहला ओवरपास जरवाय मार्ग में बंगाली होटल के पास 23.89 करोड़ और दूसरा ओवरपास रिंगरोड नंबर 2 हीरापुर चौक 49.40 करोड़* की लागत से और तीसरा ओवर पास सरोरा चौक पर रिलायंय पेट्रोल पंप के पास बनाया जाएगा।

### मूणत ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा, "विष्णुदेव साय सरकार में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के सहयोग से गरीबों के घरों में पानी पहुंचेगा। यह क्षेत्र वर्षों से पिछड़ा हुआ था। कांग्रेस के शासनकाल में पाइपलाइन के ऊपर लाइफलाइन बिछा दी गई थी, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित रही। भाजपा की सरकार बनी तो हमने वस्तुस्थिति अरुणसाव के समक्ष रखी, उन्होंने तुरंत कहा कि गरीबों के घर तक पानी पहुंचना चाहिए।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना अब गैर-अंशधारी किसानों को भी देगा सदस्यता

- कवर्धा के गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक फैसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री सुशासन तिहार, जनदर्शन, भारतीय किसान संघ और अन्य संगठनों द्वारा लंबे समय से गैर-अंशधारी किसानों को सदस्य बनाने की मांग की जा रही थी। इसलिए पिछले पेराई सत्र में जिन किसानों ने गन्ना दिया है, उन्हें सदस्यता प्रदान की जाएगी। साथ ही, आने वाले पेराई सीजन में सर्वे के अनुसार जो भी गन्ना किसान कारखाने की आवश्यकता अनुसार गन्ना आपूर्ति करेंगे, उन्हें भी अगले वर्ष सदस्यता दी जाएगी। कवर्धा जिले के गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक सौगात मिली है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना अब गैर-अंशधारी किसानों को भी सदस्यता देने जा रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा ने आगामी पेराई सीज़न 2025-26 में गन्ना आपूर्ति करने वाले गैर-अंशधारी किसानों को भी आने वाले साल में सदस्यता देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार गन्ना देने वाले गैर-अंशधारी किसानों को भी सदस्यता प्रदान की जाएगी। इससे सभी गन्ना किसानों को बराबरी का दर्जा मिलेगा और कारखाने की गन्ना आपूर्ति स्थिर व सुनिश्चित होगी।

यह कदम किसानों के हित में है और इससे क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। भोरमदेव शक्कर कारखाना 03 अप्रैल 2001 को पंजीकृत हुआ था और वर्तमान में इसकी क्षमता 3500 मैट्रिक टन प्रतिदिन है। स्थापना के समय न्यूनतम 2000 रुपए शेयर राशि और 100 रुपए प्रवेश शुल्क तय किया गया था। वर्तमान में इसमें 23,476 अंशधारी सदस्य हैं, जिनमें से हर साल लगभग 12,500-13,000 किसान ही गन्ना आपूर्ति करते हैं। कारखाने के पेराई लक्ष्य को पूरा करने के लिए साढ़े चार लाख मीट्रिक टन गन्ने की आवश्यकता होती है, लेकिन पिछले वर्ष पर्याप्त गन्ना आपूर्ति नहीं होने से कारखाना समय से पहले बंद करना पड़ा।



# निगम के राजस्व महकमे को 475 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निगम आयुक्त विश्वदीप ने राजस्व विभाग के लिए इस बार 475 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है, यह टारगेट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपये ज्यादा है। इस टारगेट को पूरा करने नगर निगम के 10 जोन कमिश्नरी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

साथ ही करदाताओं को चालू वित्त वर्ष का संपत्ति कर भुगतान करने पर इस समय 5 फीसदी छूट दी जा रही है। 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक संपत्ति कर भुगतान करने निगम की ओर से 4 फीसदी छूट मिलेगी। दस जोन में अब तक 70 करोड़ रुपये की ऑनलाइन राजस्व वसूली कर ली गई है। शहरभर में 3 लाख 50 हजार से अधिक करदाताओं में से 18 हजार से अधिक करदाताओं ने इस वित्त वर्ष की शुरुआत में 1 मई से 30 जून 2025 तक अवधि में निगम की ओर से मिल रही 6.25 फीसदी छूट का लाभ उठाने संपत्ति कर भुगतान किया।

इससे नगर निगम को 26 करोड़ से अधिक के राजस्व की प्राप्ति संपत्ति कर के रूप में प्राप्त हुई। निगम द्वारा संपत्ति कर भुगतान में मिलने वाली 6.25 छूट का लाभ लेने के मामले में आउटर स्थित जोन 10 के करदाता सबसे आगे रहे। अमलीडीह स्थित इस जोन के 7 वार्डों में 49 हजार से अधिक करदाताओं ने इस मौके पर फायदा उठाया।

- 0 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संपत्ति कर भुगतान में मिल रही 5 फीसदी छूट
- 0 1 अक्टूबर दिसंबर अंत तक संपत्तिकर भुगतान करने पर 4 फीसदी छूट

### अब तक 70 करोड़ रुपए प्रापर्टी टैक्स ऑनलाइन जमा



#### प्रापर्टी टैक्स भुगतान में 5 फीसदी छूट से 27 करोड़ वसूली

नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को निगम की ओर से 5 फीसदी छूट दी जा रही है। अब तक 16 हजार से अधिक करदाताओं ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान कर 5 फीसदी छूट का लाभ उठाने में तत्परता दिखाई है। इससे निगम के राजस्व विभाग को 27 करोड़ का ऑनलाइन राजस्व प्राप्त हुआ है।

## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बांटी व्हीलचेयर

**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट अवंति विहार में सोमवार को व्हीलचेयर वितरण का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम मोटिवेशन इंडिया और रंगूनवाला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं को गतिशीलता प्रदान करना है। संस्था द्वारा दी जाने वाली कस्टमाइजेबल (अनुकूलनीय) व्हीलचेयर उपयोगकर्ता दिव्यांगों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाता है। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार प्रशांत कोनाई, आकाश सोनकर, दीपाली ध्रुव, शहजादी बेगम शेख, शशि ठाकुर, दीपू साहू, अर्जुन नोहरे आदि उपस्थित रहे।

### शरणार्थी कैंप की माताओं ने की मां दुर्गा की पूजा



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत माना कैंप स्थित शरणार्थी कैंप की 70 वर्षीय माताओं ने माना कैंप के पूजा पंडालों जाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इसके अलावा उन्होंने रायपुर स्थित बंगाली कालीबाड़ी, पंडरी स्थित सिटी बंगाली कालीबाड़ी पंडाल में भी जाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, तन्मय चटर्जी, अभिषेक चटर्जी, श्री मजूमदार, राजेश प्रधान, सौरभ चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## निधन

### किरण श्रीवास्तव

**रायपुर।** श्यामनगर निवासी किरण श्रीवास्तव (70) का 29 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 सितंबर को सुबह 11 बजे राजेंद्र नगर श्मशानघाट में किया जाएगा। वे रामस्वरूप श्रीवास्तव की पत्नी, हितेश एवं सौरभ श्रीवास्तव की माता थीं।



## नवरात्रि में 50 लाख से अधिक की बिक्री

# भंडारों में प्लास्टिक की जगह इस बार 80 फीसदी दोना-पत्तल का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुर्गा अष्टमी-नवमी के अवसर पर मंगलवार को शहर के विभिन्न चौराहों व मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया है। अक्सर भंडारा में प्लास्टिक की छोटी कटोरी और पानी पाउच का इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन इस बार विभिन्न समितियों ने पर्यावरण बचाने के लिए मिट्टी के बर्तनों के साथ दोना-पत्तल का उपयोग करने का संकल्प लिया है, ताकि प्लास्टिक गायों का आहार न बन सके। दुकानदारों का कहना है कि इस नवरात्रि में 20 प्रतिशत लोगों ने भंडारों के लिए प्लास्टिक की छोटी कटोरी और गिलास खरीदा है। 80 फीसदी लोगों की मांग दोना-पत्तल ही रही है। राजधानी में इस बार 500 से अधिक समिति द्वारा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां आज और कल भंडारा होना है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के पत्तल थोक व्यापारी आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि एक समिति लगभग 15 से 20 हजार दोना पत्तल भंडार के लिए खरीदती है। अभी तक राजधानी में 50 लाख दोना व पत्तल की बिक्री हो चुकी है। पत्तल को गड्ढे में डालकर हमेशा के लिए नष्ट किया जा सकता है, लेकिन प्लास्टिक को जलाने से पर्यावरण दूषित होता है। व्यापारी का कहना है कि पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई है। भंडारे के लिए दोना और पत्तल ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लिया है।

**प्लास्टिक के बजाय मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल, समितियों ने कहा- भंडारा के बाद सफाई भी हमारी जिम्मेदारी**

### घरों में भी पत्तल को प्राथमिकता

पर्यावरण बचाने को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। यही वजह है कि इस बार घरों में पूजा व भोज के लिए भी लोगों ने पत्तल को प्राथमिकता में रखा है। दुकानदारों का कहना है कि पत्तल और प्लास्टिक की कीमत में 10 से 15 रुपए का फर्क बंडल में होता है। पत्तल की मांग बढ़ने से अब बाजार में थाली, कटोरी भी विभिन्न आकार में उपलब्ध है। कई मंदिरों में प्लास्टिक का उपयोग भंडारे में पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।





### खाने-पीने के लिए सिर्फ मिट्टी के बर्तन

कुशालपुर स्थित मां अंबे दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस बार 8 हजार लोगों के भंडारे में खाने-पीने के लिए सिर्फ मिट्टी के बर्तनों का ही इस्तेमाल किया जाएगा। भंडारे के मुख्य आयोजक प्रज्ज्वल तिवारी ने बताया कि पिछले कई साल से प्लास्टिक खाने की वजह से गायों की मृत्यु को देख रहे हैं। इसीलिए तय किया कि प्लास्टिक के बजाय मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल करेंगे। यहां की समिति में 2012 से हर साल भंडारा होता है। मिट्टी का बर्तन टूट जाए, तो उसे गड्ढे में डाल देते हैं। भंडारे में किसी भी तरह का प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे।

### पानी पाउच की जगह गिलास में पिलाएंगे पानी

*कटोरा तालाब स्थित मां दुर्गा समिति बीते 15 सालों से अष्टमी पर भंडारे का आयोजन कर रही है। समिति के अध्यक्ष नवीन चंद्रवंशी ने बताया कि भंडारे में लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन बन रहा है। पीछले दो सालों से पत्तल का उपयोग भोजन परोसने के लिए किया जा रहा है। इस बार पानी पाउच की जगह पर लोगों को गिलास में पानी पिलाएंगे। पत्तल सड़कों में ना जाए, इसलिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति भंडारा खत्म होने के बाद पूरी सफाई भी करेगी।*

# आठ व्यावसायिक परिसर सील 1.80 लाख रुपए नकद वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी ने बकाया कर वसूली के लिए सख्त कार्रवाई की। बड़े बकायादारों को पहले डिमांड बिल भेजा गया, इसके बाद अंतिम सूचना देकर बकाया भुगतान करने हिदायत दी गई। इसके बाद भी बकाया कर भुगतान नहीं करने वाले 8 व्यावसायिक परिसरों को सोमवार को सीलबंद किया गया। इन पर 35 लाख 91 हजार रुपये बकाया राशि देय थी। सीलबंद के दौरान 3 बड़े बकायादारों ने जोन 10 राजस्व विभाग की टीम को 1.80 लाख की बकाया राशि भुगतान कर दिया।

नगर निगम ने बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के नेतृत्व में जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सोनी की टीम ने 3 वार्डों में बकाया कर नहीं चुकाने वाले 8 व्यावसायिक परिसर को सील कर दिया। इन परिसरों पर 35,91,381 रुपये बकाया था, कार्रवाई के दौरान मौके पर 1,80,000 रुपये जमा किए गए। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने कहा कि बकायादारों को समय पर भुगतान की सलाह दी गई है, ताकि ऐसी कार्रवाइयों से बचा जा सके। जोन 10 की टीम ने अन्य बकायादारों की सूची तैयार कर अगली कार्रवाई की योजना बनाई है।



- 35 लाख 91 हजार रुपये बकाया, डिमांड बिल और अंतिम सूचना की अनदेखी
- जोन 10 क्षेत्र का मामला

### दलदल सिवनी मुख्य मार्ग को कराया अतिक्रमण मुक्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 के नगर निवेश विभाग की टीम तथा मुख्यालय उड़नदस्ता की टीम ने सोमवार को टीम प्रहरी के साथ मिलकर अभियान चलाया। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी मुख्य मार्ग पर सड़क यातायात बाधित कर रहे 100 ठेले हटाए गए। इस दौरान 3 अतिक्रमण तोड़े गए, साथ ही सड़क पर रखे गये सामान को जब्त कर मुख्य मार्ग को कब्जा मुक्त कराया। जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, शरद ध्रुव सहायक अभियंता, सैयद जोहेब, उप अभियंता, अतुल बंसल की उपस्थिति में दलदल सिवनी मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सड़क घेरकर रखे गये सामान को जब्त करने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों को दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई।



- 100 ठेले, 3 अतिक्रमण हटाकर सड़क पर रखे सामान को जब्त करवाया

# एसीबी ने पीसीसी कार्यालय के अकाउंटेंट देवेंद्र डडसेना के बारे में जानकारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नोटिस भेजकर अकाउंटेंट देवेंद्र डड़सेना के बारे में जानकारी मांगी है। देवेंद्र डड़सेना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में ही अकाउंटेंट के पद पर थे और पीसीसी कोषाध्यक्ष रामगोपाल के करीबी माने जाते हैं। देवेंद्र डड़सेना अभी शराब घोटाले मामले में जेल में है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव मलकीत गैंदू को एंटी करप्शन ब्यूरो ने भेजे गए नोटिस में कहा है कि देवेंद्र डडसेना जिस पद पर कार्यरत थे, उस संबंध में नियुक्ति की अवधि से संबंधित सभी दस्तावेज, कार्य और कर्तव्य की विस्तृत जानकारी और वेतनमान की जानकारी दी जाए।



- पीसीसी के प्रभारी महामंत्री को भेजा नोटिस

### तीन साल से गायब हैं रामगोपाल

रामगोपाल अग्रवाल लगभग पिछले एक दशक से छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हैं। जब भूपेश बघेल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष थे, तब भी रामगोपाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष रहे। वर्ष 2018 में जब कांग्रेस की सरकार बनी और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने, तो रामगोपाल अग्रवाल का कद और बढ़ गया। कांग्रेस संगठन में कोषाध्यक्ष पद पर बने रहते हुए भूपेश बघेल ने इन्हें नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष भी नियुक्त किया। इन दोनों मामलों में ईडी की गिरफ्तारी से बचने के लिए रामगोपाल अग्रवाल तीन साल से गायब हैं।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202003101600157 ब/121
वर्ष 2019-20

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक नरेश पटेल पिता गोविन्द भाई पटेल निवासी ग्राम रायपुर द्वारा मौजा मोतीपुर प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक के नाम पर दर्ज आवेदित भूमि खसरा नंबर 35/2 का मूल खसरा नंबर 35 पर आने-जाने के रास्ता पर अनावेदिका सविता उपाध्याय पति जयईश उपाध्याय द्वारा अवैधानिक रूप से कराये गये बाउण्ड्रीवाल को हटाने बाबत प्रस्तुत आवेदन न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक नरेश पटेल पिता गोविन्द भाई पटेल निवासी ग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का बाउण्ड्रीवाल हटाये जाने की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 10.10.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.09.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 10214 दिनांक 16.12.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ2बी - BL- 29/401 को श्री राजेन्द्र सिंह राठौर पिता श्री टी. एस. राठौर के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 06.09.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राजेन्द्र सिंह राठौर पिता श्री टी. एस. राठौर, निवासी एकता नगर, ठेलकाबोड, गोविंदपुर, कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री रूपक संदीप वैद्य पिता श्री संदीप वैद्य, निवासी :- बालाजी की कुटिया स्कूल चौक, दानीटोला वार्ड नं. 19, धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एफ2बी - BL- 29/401 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### गांजा तस्कर को पांच वर्ष कैद, 25 हजार जुर्माना

रायपुर। गांजा तस्कर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण थवाईत की कोर्ट ने पांच वर्ष कैद के साथ 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने शशांक रजक को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शशांक रजक के कब्जे से पिछले वर्ष 5 मई 2024 को उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास से गांजा जब्त किया था।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेवर जब्त

रायपुर।मुजगहन पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के साढ़े चार लाख रुपए कीमत की सोने-चांदी के जेवर जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो सगे भाई शामिल हैं। रानी सिन्हा की शिकायत पर पुलिस ने संजय कुमार साहू, चेतन कुमार साहू तथा उगेश उर्फ राजेंद्र साहू को गिरफ्तार किया है। संजय तथा चेतन भाई हैं। शातिरों ने रानी के सूने मकान में 20 सितंबर को चोरी की थी। चेतन पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। उगेश पूर्व में मारपीट तथा रेप के आरोप में जेल जा चुका है।




# ऑनलाइन लाइसेंस बना मुसीबत, स्थाई-अस्थाई के लिए 220 आवेदनों में 27 को ही जारी, 47 रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली त्योहार में इस बार स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकान के लिए लाइसेंस लेने में पटाखा व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन आवेदन मंगाए जाने के कारण कई पटाखा विक्रेता व्यापारियों के आवेदन रिजेक्ट या फिर लंबित पड़े हुए हैं। जिलेभर से स्थाई के लिए 22 एवं अस्थाई के लिए 198 आवेदन किए गए हैं। इनमें से अभी तक 6 स्थाई एवं 27 अस्थाई दुकानों को ही लाइसेंस जारी किए गए हैं, वहीं 47 आवेदनों को दस्तावेजों में कमी के कारण रिजेक्ट किया गया है। शेष 146 आवेदन लंबित हैं।

## जिला प्रशासन ने इस बार पटाखा दुकान लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए

### ऑनलाइन के कारण आवेदन घटे

पटाखा लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने के कारण स्थाई और अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदनों में भी भारी गिरावट आई है। पिछले वर्ष जिलेभर से स्थाई एवं अस्थाई के लिए 480 दुकानों को लाइसेंस जारी किए गए थे। इनमें स्थाई दुकानों को नवीनीकरण कराने पर 260 तथा 220 अस्थाई दुकानों को लाइसेंस जारी हुए थे। इस बार स्थाई और अस्थाई दोनों मिलाकर कुल 220 आवेदन किए गए हैं। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 50 प्रतिशत से भी कम आवेदन हुए हैं।




**147 लाइसेंस प्रक्रियाधीन**

पटाखा लाइसेंस के लिए स्थाई-अस्थाई आवेदन किए गए हैं, जिनमें 27 दुकानों को लाइसेंस जारी हुआ है। 47 आवेदनों को दस्तावेजों की कमी के कारण रिजेक्ट तथा 147 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।
*- कीर्ति शर्मा, ई जिला प्रबंधक रायपुर*

### जारी लाइसेंस की तुलना में तीन से चार गुना से अधिक खुल जाती है दुकानें

प्रशासन की ओर से जितने लाइसेंस जारी किए जाते हैं, उसकी तुलना में हर बार त्योहार के दौरान तीन से चार गुना अधिक दुकानें खुल जाती है। बिना लाइसेंस जारी कराए सभी दुकानें अवैध रूप से खोली जाती हैं, जिसे रोकने में प्रशासन हर बार असफल रहता है। इस बार जिस तरह से आवेदनों में कमी आई है, उससे देखकर संभावना जताई जा रही है कि इस त्योहार में पिछले त्योहारों की तुलना में और ज्यादा अवैध दुकानें खोली जाएंगी। देखना यह होगा कि प्रशासन इस बार अवैध दुकानों को खुलने से रोकने तथा खुलने वाली दुकानों के संचालकों पर सख्त कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा या नहीं।

**लोकसेवा केंद्र के पोर्टल से अब ऑनलाइन आवेदन :** पटाखा लाइसेंस के लिए पहले ऑफलाइन आवेदन लिए जाते थे। इसके लिए कलेक्टोरेट स्थित कमरा नंबर 17 में पटाखा विक्रेता ऑफलाइन आवेदन जमा कराते थे। इन आवेदनों में दस्तावेजों की जांच करने के बाद लाइसेंस जारी किया जाता था, लेकिन इस बार लोकसभा सेवा केंद्र के ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। ये आवेदन 5 अगस्त से लेकर 15 सितंबर तक मंगाए गए थे। इस अवधि के दौरान स्थाई और अस्थाई मिलाकर कुल 220 आवेदन किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड में अमर का पुनः चयन

**रायपुर।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड में नए सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। बोर्ड के चेयरमैन पद पर पूर्व में ही सुनील सिंधी का चयन किया जा चुका था। अब ताज़ा नियुक्तियों में छत्तीसगढ़ से अमर पारवानी का पुनः चयन हुआ है। अपनी इस नियुक्ति पर अमर पारवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल एवं बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है।

### श्रम दर में वृद्धि करने मंत्री से मिला प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने श्रममंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर वर्तमना श्रम दर में वृद्धि की मांग की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐड़े, नगरीय पदाधिकारी हरीश साहू ने इस मौके पर 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। श्रम दर में बढ़ोतरी नहीं होने से नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नाराज हैं। अपने लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने श्रम मंत्री लखनलाल साहू ने मुलाकात की।

### जलाई बिजली बिल की प्रतियां पुरानी दर बहाल करने मांग



**रायपुर।** यूथ कांग्रेस ने सोमवार से प्रदेशभर में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। प्रथम दिवस प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालयों के सामने एकत्र होकर बिजली बिल को जलाया। भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए बिजली दरों में वृद्धि को वापस लेने की मांग की। यूथ कांग्रेस ने कहा, प्रदेश की जनता आज बढ़ते बिजली बिलों से कराह रही है। महंगाई और बेरोजगारी पहले ही जनता की कमर तोड़ चुकी है, ऊपर से भाजपा सरकार लगातार बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि कर आम नागरिकों की जेब पर डाका डाल रही है।

## बैज का आरोप : भाजपा के राज में गो-तस्करी शुरू हो गई है

# पौने दो साल में 5 लाख पशुधन राज्य से गायब, 2500 की दुर्घटना-भूख से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही गोठान योजना को बंद कर दिया गया। पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव के कारण भूख से तथा खुले में घूमने के कारण सड़कों पर एक्सीडेंट से बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौत हो रही है। विभिन्न माध्यमों में जो जानकारी आई है, उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कुचल कर मारी गईं। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गईं। 200 से अधिक गाय जहरीला पदार्थ आदि खाने से मारी गईं।

दीपक बैज ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा सरकार पर सनसनीखेज आरोप लगाया। बैज का आरोप है कि छत्तीसगढ़ से 5 लाख गायें गायब हो गईं। सरकार को बताना चाहिए गायें कहां गईं? उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में बीते 2 सालों से गायों की तस्करी बढ़ गई है। कहीं ऐसा तो नहीं तस्करी के पीछे भाजपा के लोग शामिल हैं? गो रक्षक संगठनों की भूमिका आज कहां है? क्यों गायों की तस्करी नहीं रुक रही है?

उन्होंने सवाल किया कि इन्हें किसका संरक्षण है? इसका जिम्मेदार कौन है? क्या भाजपा को गो माता के नाम पर राजनीति ही करना है। गोवंशों की सुरक्षा के लिए भाजपा ने क्या कदम उठाए? कहां गए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद? उन्होंने कहा, सरकार के संरक्षण में गो तस्करी हो रही है। भाजपा के नेताओं को गांवों में जाकर देखना चाहिए। गो तस्करी को लेकर भाजपा को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सरकार के वक्त 10 हजार गोठानों को भाजपा ने बंद कराया था, उसे वापस शुरू करें।



### गायों की मौत की जांच करने कमेटी गठित

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि समोदा में गायों की मौत की जांच के लिए कांग्रेस ने कमेटी तैयारी की है। गांव में बीते 3 दिनों में लगभग 40 गायों की मौत हुई है। इसके अलावा खरोरा और गुल्लू गांव में भी गोवंशों की भूख से मौत की खबर है। उनके खाने के लिए चारे की व्यवस्था नहीं की गई थी और मरने के बाद शव को खुले जगहों पर फेंक दिया गया था।

### गो माता के नाम पर रोटी सेंकते हैं भाजपाई

उन्होंने भाजपा पर आरोप लया कि भाजपा और उनके कार्यकर्ता गो माता के नाम पर करते राजनीति हैं। वह राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए गो माता का नाम लेते हैं। दावा किया कि पौने दो साल से भाजपा की सरकार में ढाई हजार से अधिक गायों की भूख, एक्सीडेंट और जहरीली चीजों के सेवन मौत हुई है।

### इनके मंत्री झीरम से गुजरते रील बनाते हैं, वजह कांग्रेस

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मारे जाने पर बयान में कहा था कि अगर कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार साथ देती, तो नक्सलवाद पहले ही खत्म हो चुका होता। इस पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, बयान बदलने में दिल्ली के नेता माहिर हैं। पिछली सरकार में भी अमित शाह छत्तीसगढ़ आए हैं और उन्होंने कांग्रेस की 3 बार तारीफ भी की थी। कांग्रेस के कार्यकाल में एकाध बड़ी घटना छोड़कर कोई घटना नहीं हुई। कांग्रेस ने बस्तर में कैंप निर्माण करवाया, रोड बनवाया। सब हमने क्लीयर किया, जिससे बाय रोड बीजेपी जाती है। आम लोग जहां जा नहीं पाते थे, वहां हमने काम किया। इनके मंत्री रात बेरात झीरम से गुजरते हुए रील बनाते हैं, ये कांग्रेस की वजह से है।

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी सेल को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स

**रायपुर।** श्री बालाजी गारमेंट्स द्वारा गुरु तेगबहादुर हॉल में लगाई गई हैंडलूम और रेडीमेड गारमेंट्स की मेगा सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। शहरवासी बड़ी संख्या में इस सेल का लाभ उठाने पहुंच रहे हैं। इस विशेष आयोजन में हैंडलूम उत्पादों और रेडीमेड कपड़ों पर आकर्षक छूट दी जा रही है। बेडशीट्स, सोफा कवर, पर्दे, टेबल कवर जैसे उत्पाद बेहद किफायती दामों में उपलब्ध हैं। साथ ही रेडीमेड गारमेंट्स की विभिन्न श्रेणियों में भी विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। ब्रांडेड कुर्तियां, टॉप्स, प्लाजो आदि पर भी खास रियायत दी गई है। ग्राहकों की सुविधा के लिए फ्री पार्किंग और एंट्री की व्यवस्था की गई है। यह सेल राजभवन गेट नंबर 3 के सामने, घड़ी चौक के पास, गढ़कलेवा के समीप आयोजित की गई है। सीमित समय के इस मौके का लाभ उठाने के लिए शहरवासी उत्साहित हैं।



### रायपुर में खुलेगा पहला कैशलेस प्राइवेट हॉस्पिटल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में देश का पहला ऐसा प्राइवेट मल्टी-सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुलने जा रहा है, जहां कोई कैश काउंटर नहीं होगा। श्री बालाजी ग्रुप द्वारा संचालित यह मां पद्मावती हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज 340 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। हाल ही में एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में की गई। यह अस्पताल सत्य साईं हॉस्पिटल की तर्ज पर तैयार होगा, लेकिन यहां सभी बीमारियों का इलाज होगा और मरीजों को इलाज के लिए कोई शुल्क कैश में नहीं देना पड़ेगा। सरकार इसे मेडिसिटी प्रोजेक्ट से जोड़ रही है, जिससे रायपुर राष्ट्रीय मेडिकल हब बन सके। यहां 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा और छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि ओडिशा, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के मरीज भी मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकेंगे।



### वर्ल्ड हार्ट डे पर आईएलएस हॉस्पिटल्स में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर पचपेड़ीनाका स्थित आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर में 'हेल्दी हार्ट-दिल से दिल तक' थीम पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 65 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जावेद परवेज ने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान से दूरी और समय-समय पर जांच से हृदय रोगों से बचा जा सकता है। आईएलएस हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीओओ डॉ. विशाल गोयल ने सालाना स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि पिछले 125 दिनों में हॉस्पिटल ने 6000 से अधिक मरीजों का इलाज, 250+ कैथ लैब प्रक्रियाएं और 220+ सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं। कार्यक्रम के अंत में सीओओ डॉ. सौरभ चौरड़िया ने आभार व्यक्त किया। कई मरीजों और परिजनों ने इलाज से जुड़े सकारात्मक अनुभव साझा किए।



### चॉइस हॉलीडेज को मिला 'बेस्ट टूर ऑपरेटर' का सम्मान

**रायपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा आयोजित 'सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस 2025' में चॉइस हॉलीडेज को 'बेस्ट टूर ऑपरेटर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मायरा कन्वेंशन एंड रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। चॉइस हॉलीडेज के संचालक रितेश मूंदड़ा ने कहा कि यह सम्मान हमारी टीम की मेहनत और पर्यटन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक उभरते हुए पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचारित करने की दिशा में अपनी भूमिका को लेकर गर्व जताया। इस वर्ष की थीम 'टूरिज्म एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन' को ध्यान में रखते हुए, चॉइस हॉलीडेज ने पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है।



## पेज 09 के शेष ...

### शहर में 3 दिनों तक ...

स्पीकर और साफ-सफाई की व्यवस्था जोन की टीम द्वारा की जा रही है। साथ ही 3 दिनों तक विसर्जन व्यवस्था एवं संचालन के लिए निगम आयुक्त विश्वदीप ने सोमवार को प्रशासनिक आदेश जारी कर 2 से 4 अक्टूबर तक निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

### 7 संचालकों का ...

को शराब परोस रहे थे। ऐसे ही लाइसेंस लेने वाले रेस्टोरेट बार हाईपर क्लब, सिमंस बार, व्यावसायिक क्लब जुनेजा वेंचर्स (मोका), शॉपिंग मॉल एवं रेस्टोरेंट बार रॉयल रीट्रिट (आईपी क्लब), होटल बार शीतल इंटरनेशनल (जूक क्लब), होटल बार मिलानो फूड कंपनी (ओटीआर) और होटल बार सेमरॉक ग्लोबल सेरीखेड़ी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस प्रशासन ने 3 दिन के लिए निलंबित किया है।

### नाबालिग पर अबॉर्शन ..

के बाद किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद नाबालिग की मां ने कोनी पुलिस की मदद से गंज पुलिस को घटना की जानकारी दी। सद्दाम अभनपुर स्थित एमएस इंजीनियरिंग में काम करता था। किशोरी के साथ सद्दाम की दोस्ती दो वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से होने की बात सामने आई है।

### प्राइवेट स्टूडेंट सिर्फ ...

विषय 320 का भुगतान करना होगा। प्रैक्टिकल फीस के लिए 12वीं के छात्रों को प्रति प्रैक्टिकल 160 रुपए शुल्क चुकाना होगा। 30 सितंबर तक आवेदन नहीं कर सके प्राइवेट छात्र लेट फीस के साथ तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। लेट फीस के रूप में छात्रों को 2000 रुपए अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होगा।

### बैठाने की जगह नहीं ...

भी छात्र संख्या उतनी ही है, जितनी प्रथम वर्ष में। पुरानी पद्धति में प्रथम वर्ष की परीक्षा में 40 प्रतिशत तक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाते थे। अतः दूसरे वर्ष में छात्रों की संख्या घट जाती थी। नियमित छात्रों की संख्या पहले से अधिक होने के कारण स्वाध्यायी छात्रों की बैठक व्यवस्था करने महाविद्यालयों को मशक्कत करनी पड़ रही है। इसलिए अब ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन और हाइब्रिड मोड में भी कक्षाओं की तैयारी है, ताकि समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा सके।















हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त ...



ललित महल रास गरबा

होटल द ग्रैंड नीलम में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा का सेलिब्रिटी सलोनी बत्रा संग रंगारंग आगाज

# गरबा की ताल पर माता की आराधना

'शाम ढलते ही शहर में जहां गरबा मंडप में ताल से ताल मिलाते हुए माता की आराधना की श्रृंखला सजी। वहीं इसमें हर वर्ग के गरबा प्रेमियों ने पारंपरिक पहनावे में सज-धजकर धूम मचाई। द ग्रैंड नीलम में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के रास गरबा का रंगारंग आगाज हुआ। इस अवसर को खास बनाने के लिए मंत्री केदार कश्यप संग हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मंचस्थ रहे। बॉलीवुड सेलिब्रिटी सलोनी बत्रा ने मंच पर आते ही युवाओं के बीच धूम मचाई।'







रायपुर। वीआईपी रोड स्थित द ग्रैंड नीलम में सोमवार शाम 7 बजे से ही गरबा खेलने वालों के ग्रुप पहुंचने शुरू हो गए थे। पास लेकर पहुंचे लोग हरिभूमि के आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए उत्साहित नजर आए। वहीं मंच संचालन करते हुए अनिल जोतसिंघानी ने व्यवस्था के तहत युवाओं को गरबा खेलने के लिए माहौल देने का दायित्व निभाया। गरबा मंडप में वामन रूप, अंतरिक्ष यात्री, कैदी और प्रहरी, छत्तीसगढ़ महतारी और बालाजी के गेटअप में प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। वहीं पार्षद डॉ. अनामिका सिंह, छग बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और आकाश तिवारी रास गरबा के दौरान मंचस्थ रहे।



## बीटीआई में मिल रहे हर दिन 100 से अधिक उपहार



हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर आयोजित बीटीआई मैदान में संकल्प रास गरबा एवं उत्सव समिति के गरबा उत्सव में लोगों का जमकर उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां उत्कृष्ट डांस करने वाले प्रतिभागियों को हर दिन 100 से अधिक उपहार वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेसेज और बेस्ट गरबा की श्रेणियों में चयनित प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए जा रहे हैं। आयोजन की मुख्य भूमिका में समिति प्रमुख संजय श्रीवास्तव एवं संयोजिकाएं सक्रिय रूप से समर्पित हैं। कार्यक्रम में संयोजिका अनीता खंडेलवाल, पुष्पा जैन, सुनीला अग्रवाल और संगीता मिश्रा निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी सदस्य मिलिंद गौतम, राजेश गुप्ता, शिव सोनपिपरे, रूपक इजारदार, अमरजीत सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अंकुर अग्रवाल, रिंकू भाकरे, मनोज खुड़िया, माला लामा, राखी शाह, सोनम जैन, सुमन मुथा, निधि कदम और प्रियंका गुप्ता का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## गरबा रास की ताल पर झूमे कदम

नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में सातवें दिनों गरबा की रंगारंग धूम देखने को मिल रही है। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में गरबा उत्सव के अंतिम दिन बच्चे, युवा और कपल पारंपरिक गुजराती परिधानों में सज-धज कर पहुंचे। इनके बीच ईशान और तोरषा सरकार ने अपने गीतों से धूम मचाई। रंगबिरंगी चनिया चोली, कढ़ाईदार कुर्ता-पायजामा, दुपट्टे और लहरदार घाघरा-चोली में सजी महिलाएं व युवतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं पुरुषों ने खास गुजराती परिधान के साथ सिर पर अलग-अलग डिजाइन की पगड़ी और चमकदार लाइटिंग वाले चश्मे पहनकर माहौल को और भी खास बना दिया। गरबा रास की ताल पर झूमते कदमों ने माहौल को भक्ति और उत्सव से सराबोर कर दिया। बच्चों की मासूम अदाएं और कपल्स का पारंपरिक जोश दर्शकों को खूब भाया। इस मौके पर अलग-अलग ग्रुप्स ने पारंपरिक स्टेप्स से लेकर मॉडर्न टच वाले डांस मूव्स पेश किए।



## युवाओं ने जोश के साथ किया गरबा



ललित महल में गुंजन्स आयोजन, वैदिक फाउंडेशन व हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर के रास गरबा में युवाओं ने पारंपरिक गरबा के साथ मिक्स बीट्स पर भी गरबा खेला। मंच से डांडिया का राधा नी प्रित.. ढोली तारो ढोल बाजे, पंखिड़ा.. आदि गीतों पर युवा जोश के साथ नृत्य करने लगे। साथ ही अन्य तरह के गीतों पर बुजुर्ग व बच्चों के भी कदम जमकर थिरके। पारंपरिक स्टेप्स को लोगों ने पेश किया। संगीत के साथ झिलमिलाती सतरंगी रोशनी के बीच मंच पर गीत गाते, थिरकते हुए गायक-गायिकाएं व डांसरों के समूह के साथ मंच के नीचे दर्शकों के समूह ने गुजरात के डांडिया की विशेष ड्रेस में नृत्य करते हुए लुत्फ उठाया।





## पारंपरिक वेशभूषा में रास गरबा और डांडिया की धूम

श्री गुढ़ियारी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रास गरबा का आयोजन किया गया, जहां गरबा प्रेमी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। केसरियो रंग तने, लाग्योल्या गरबा, केसरियो रंग तने, लाग्यो रे लाल...जैसे गानों पर देर रात तक रास गरबा में प्रत्येक वर्ग ने गुजराती व छत्तीसगढ़ी गानों की धुन पर डांडिया की धूम मचाई। जहां आयोजक समिति द्वारा थीम बेस्ड गरबा डांस, बेस्ट ग्रुप, आकर्षक जोड़ियों को सम्मानित किया गया।



## मां एंड मी : नन्हे बच्चों ने खेला मम्मी के साथ गरबा

मिनी मॉरवेल्स प्री-स्कूल में मां एंड मी गरबा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं के साथ बच्चों ने मिलकर गरबा खेला। इस दौरान सभी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। यह कार्यक्रम नृत्य, परंपरा और विकासात्मक आनंद का जीवंत उदाहरण बना, जिसने यह दर्शाया कि सांस्कृतिक उत्सव प्रारंभिक बाल शिक्षा में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी शताब्दी पांडे, फैशन आइकन सोनम श्रीवास्तव और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर आकृति अग्रवाल निर्णायकों की भूमिका में रहीं। कार्यक्रम में तालियों की लय, रंगबिरंगे परिधान और मुस्कुराते चेहरों के साथ, प्री-स्कूल का प्रांगण एक ऐसे मंच में बदल गया, जहां संबंधों की डोर और मस्तिष्क विकास एक साथ बुने गए। एसएलओ अनुभूति श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चे में भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शारीरिक समन्वय और सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं, साथ ही माता-पिता और बच्चे के बीच के संबंध को भी सुदृढ़ बनाते हैं।

## गरबा प्रतियोगिता का आयोजन



हेल्थ हैवन जिम व नृत्यांगना डांस क्लास के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। गरबा प्रतियोगिता के दौरान सौ से अधिक प्रतिभागी पारंपरिक परिधानों व साज-सज्जा के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रशिक्षक वीरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। भव्य आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को चांदी की प्रतिमाएं उपहार स्वरूप दी गईं, इसमें लता रेड्डी, प्रज्ञा स्वर्णकार, महिमा साहू, अंजलि यादव व श्रिया पांडे विजेता रहीं।

## गरबा की थाप पर थिरके छात्र



नवरात्रि के शुभ अवसर पर रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों द्वारा रास गरबा का आयोजन किया गया। इस दौरान गरबा की थाप पर सौ से अधिक छात्राएं पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य करती दिखीं। मां दुर्गा के जयकारे से प्रारंभ गरबा महोत्सव में चोगाड़ा तारा, छबीला तारा, रंगीला तारा..डांडिया के बहाने आजा ना..ढोलिडा, ढोलिडा..जैसे लोकप्रिय गानों पर तिकडी, चौकड़ी, छकड़ी की धूम मची रही।

**सिटी लाइव**

## फास्ट फूड और आदतन नशे के सेवन बढ़ रहा हृदय रोग



रायपुर। विश्व हार्ट दिवस पर मैक कॉलेज में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद आहूजा ने विद्यार्थियों और स्टाफ को हृदय रोग से बचाव के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य से संबंधित रोचक जानकारी दी। हृदय रोग के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं जीवनशैली में सुधार से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा करते हुए यह भी बताया कि किस तरह से फास्ट फूड और बढ़ते नशे के सेवन से लोगों में हृदय रोग का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। आगे बताया कि तनाव, अनुचित खानपान, शारीरिक निष्क्रियता और आदतन नशे की वजह से भी हृदय संबंधी बीमारी होती है। सही कारणों की जानकारी होने और समय पर जांच कराने, नियमित व्यायाम के साथ संतुलित आहार अपनाने से हृदय रोग से बचाव संभव है।

### जागरूकता सत्र में लोगों ने लिया भाग

कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल और सचिव सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जासमीन जोशी उप-प्रचार्य डॉ. श्वेता तिवारी एवं एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा की अगवाई में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जास्मीन जोशी ने कहा,"हमारे छात्रों और स्टाफ को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिकता है। जागरूकता सत्र में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ईसीजी, आहार विशेषज्ञ, शुगर, बीपी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, किडनी फंक्शन, थायराइड की जांच की गई। वहीं व्याख्यान में डॉ. संतोष चावला, डॉ. कल्पना दास, डॉ. गंगा, डॉ. भूषण सहित एक्सपर्ट की टीम ने लोगों को सजग किया।

**धर्म लाइव**

## गोदड़ीवाला धाम में भक्तिभाव से मनाया गया वर्षी महोत्सव



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहब का 34वां वर्षी महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। तीन दिवसीय महोत्सव के समापन समारोह में सीएम विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक मोतीलाल साहू ने प्रदेश की खुशहाली के लिए बाबा साहब की देहरी पर माथा टेकते हुए आशीर्वाद लिया। इसमें देश के अलग-अलग क्षेत्रों से संत, महात्मा और श्रद्धालु आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। सभी पंचायत के मुखी साहब, प्रतिनिधिमंडल, महिला मंडल ने रविवार की शाम 5 बजे भजनों की प्रस्तुति दी। राजकोट से आए कशिश और फ्रांसी द्वारा माता एवं बाबा पर भजनों की प्रस्तुति दी। विशेष रूप से उल्हासनगर मुंबई की लता भक्तानी, सुशील भगत नागपुर ने प्रस्तुति दी। भोग साहब का समापन शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने किया।

### माथा टेकते हुए संतों से लिया आशीर्वाद

वर्षी महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए तिल्दा, भाटापारा, चकरभाटा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्लीराजहरा, राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई और शहरभर से आए श्रद्धालुओं ने माथा टेकते हुए संतों से आशीर्वाद लिया। इसमें विशेष रूप से सिंधी डॉक्टर फोरम द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। सोमवार को सुबह 5 बजे से पल्लव साहब के साथ महंत देवी दास एवं महंत अम्मा देवी के सानिध्य में महोत्सव संपन्न किया गया। श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, नंदे साहू, संजय श्रीवास्तव, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अनामिका सिंह, मनोज जांगड़े, विनय निर्मलकर, किशोर आहूजा, ललित जयसिंह ने संतों से आशीर्वाद लिया। दरबार के सेवादारी पवन प्रीतवानी, दिलीप इसरानी ने व्यवस्था की कमान संभाली।



दुर्गोत्सव


ज्योति नगर दुर्गोत्सव, मठपुरैना


श्री बजरंग युवा दुर्गोत्सव, साहू मोहल्ला टिकरापारा


श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति


श्री सार्वजनिक गणेश, दुर्गोत्सव समिति, महावीर चौक, डूमरतराई


जय मां दुर्गा उत्सव समिति आजाद चौक, टेकारी (अभनपुर)


नवदुर्गा महिला सेवा समिति गौरा गौरी चौक संतोषी नगर


ज्वाला मां दुर्गोत्सव समिति, आदर्श नगर टिकरापारा


श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति अटल चौक छतौना


नव दुर्गोत्सव समिति, बड़ा भवानी नगर कोटा


राधा स्वामी नगर जन विकास, राधास्वामी नगर


श्री जागृति दुर्गोत्सव समिति, डूमरतराई




सार्वजनिक श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति माना कैम्प और माना मार्केट में भव्य पंडाल आकर्षण का केंद्र है। जहां अक्षरधाम और विक्टोरिया गार्डन में स्थित महल की तर्ज पर माता का श्रीधाम सजाया गया है। यहां रोज आयोजनों का सिलसिला चल रहा है।



● मां महामाया का तांत्रिक विधि से महास्नान, सप्तमी रात्रि से शुरू हुई पूजा-अर्चना

# महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से शुरू होंगे हवन और विशेष अनुष्ठान

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर के प्राचीन मंदिरों में आराध्य देवी मां की पूजन-अर्चना परंपरागत विधि-विधान से विधिवत संपन्न की जा रही है। अष्टमी के महापर्व पर आज देवी मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त से हवन और पूजन समारोह आरंभ होंगे। महासप्तमी की रात्रि पुजारी एवं पंडों द्वारा मां काली का विधिपूर्वक अनुष्ठान किया गया, जिसके उपरांत हवन पूजन के आवश्यक अनुमति प्राप्त कर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर प्रत्येक देवी मंदिर में रात्रि के समय हवन कुंड को रंगोली और फूलों से सुसज्जित कर भव्य रूप से सजाया गया है। मंगलवार को मंगलाआरती, गौरी-गणेश वंदना, भूमिपूजन, ध्वजा पूजन और मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से अनुष्ठान प्रारंभ होगा। जहां हजारों शहरवासी पूजन में शामिल होंगे।








### नवमी तिथि पर श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ

*काली मंदिर के पुजारी डीके दुबे ने बताया कि महाअष्टमी को मां गौरी की पूजा की जाएगी, सुबह भव्य श्रृंगार के साथ मंदिर का कपाट खुलेगा। इस मौके पर शाम 6 बजे महाआरती और 7 बजे महाप्रसादी का वितरण होगा। नवमी तिथि पर श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा।*

### मां कंकाली के समक्ष तीन बार रखिया की बली

*कंकाली मंदिर के महंत हरभूषण गिरी गोस्वामी ने बताया कि शाम 6.10 बजे पूर्ण आहुति दी जाएगी। मंदिर परिसर में रात्रि 12 बजे बाद गुप्तरूप से जंवारा विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान मां कंकाली को रखिया सब्जी की 3 बार विशेष समय पर बली दी जाएगी। नवमी तिथि को कन्याभोग के दौरान कंकाली मठ के कपाट खुलेंगे। विजयादशमी पर गणेश स्थापना, कलश पूजन, मठपूजन, भूमिपूजन व ध्वजा पूजन के साथ श्रद्धालुओं को शस्त्रों के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा।*



### बंजारी मंदिर में 14 हवन कुंड में दी जाएगी आहुति

रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर में 14 हवन कुंड पर सैकड़ों श्रद्धालु एकजुट होकर आहुति देने शामिल होंगे। इस मौके पर कन्याभोज की व्यवस्था भी मंदिर परिसर में की गई है, जहां रात्रि 12 बजे मां के प्रमुख ज्योति कलश का विसर्जन गुप्त रूप से होगा। दंतेश्वरी मंदिर से यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि हवन पूजन की पूर्ण आहुति रात्रि 8 बजे दी जाएगी, इस दौरान मां दंतेश्वरी को पंचमेवा का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।



### मंदिरों में हवन पूजन का समय

- महामाया मंदिर - दोपहर 3 बजे
- कालीमाता मंदिर - शाम 4 बजे
- कंकाली मंदिर - शाम 4:30 बजे
- बंजारी मंदिर - सुबह 8 बजे
- दंतेश्वरी मंदिर - शाम 5 बजे
- मठपारा शीतला मंदिर दोपहर 2 बजे

### देवी स्वरूप में आज नौ कन्या पूजन, कल अमृतासन प्रसादी

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में मंगलवार को मां गायत्री और ज्योति कलश की पूजा-अर्चना करते हुए माता स्वरूप नौ कन्याओं का पूजन किया जाएगा। शक्तिपीठ में साधना और आराधना के क्रम में नौ कन्याओं का पूजन और भोजन का कार्यक्रम प्रतिवर्ष रखा जाता है। इसी कड़ी में माता की भक्ति, साधना और आराधना करते हुए गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा नौ कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में परिजनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। सभी भक्त और परिजन अपने हिसाब से कन्या स्वरूप माता का पूजन कर उन्हें प्रसादी अर्पित करेंगे। इसके बाद बुधवार को स्वास्थ्य लाभ के कामना करते हुए सभी के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आसुरी शक्तियों के विनाश करने के लिए भारत माता के सुपुत्र जो शहीद हुए हैं, उनकी आत्म शांति के लिए आहुति देते हुए प्रार्थना की जाएगी। शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि आयोजन की पुख्ता तैयारी की गई है।

### महाआरती में शामिल हुए राज्यपाल बंगाली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बंगाली कालीबाड़ी समिति द्वारा महासप्तमी पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए, जिन्होंने समिति के सदस्यों व शहरवासियों की उपस्थिति में महाआरती की। इस मौके पर समिति के महिला सदस्यों द्वारा सामूहिक बंगाली नृत्य की प्रस्तुति दी गई, इस दौरान प्रत्येक सदस्य पारंपरिक परिधानों में नजर आए, जो वाद्ययंत्रों की थाप पर थिरकते दिखे। दुर्गा पंडाल में महाअष्टमी पर संधि पूजा और बलिदान दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा।

### मां महामाया से अष्टमी अनुष्ठान की अनुमति

महामाया मंदिर के ट्रस्टी सूरज कुमार फूटान ने बताया कि महासप्तमी की रात्रि से निशा पूजन महास्नान की शुरुआत हुई। इसमें 51 किलो दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से मां महामाया की प्रतिमा का तांत्रिक विधि से अभिषेक किया गया। गर्भगृह में मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर महाअष्टमी अनुष्ठान की अनुमति ली गई। इस दौरान गर्भगृह में मुख्य पुजारी और बैगा उपस्थित रहे।

### महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में दर्शन देंगी मां महामाया

मंगलवार को महामाया देवी मंदिर का मुख्य कपाट प्रातः 4 बजे खुलेगा। 6 बजे मंगलाआरती के पश्चात दोपहर 2 बजे गर्भगृह में हवन पूजन प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान केवल मंदिर समिति के प्रमुख सदस्यों के उपस्थिति रहेगी। नवमी तिथि को सुबह ब्राह्मण भोज व कन्याभोज मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है, इसके बाद दोपहर से देर रात तक 10-15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का भोग दिया जाएगा। इस दौरान मां महामाया महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में नजर आएंगी, जिनका श्रृंगार शस्त्रों के साथ होगा।



### महासप्तमी पर अम्बा देवी मंदिर में महाआरती का आयोजन



महा सप्तमी पर्व के पावन अवसर पर अम्बा देवी मंदिर में शाम 7.30 बजे महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालु मां की आरती में शामिल हुए। इस दौरान 1700 दीपक प्रज्ज्वलित कर मां अम्बा देवी की पूजा की गई, यह आरती लगभग एक घंटे से अधिक समय तक निरंतर जारी रही। जहां मंत्रोच्चार व ढोल-बाजा के साथ आरती पूजन किया गया।

संघर्ष क्लब का पंडाल श्रद्धा का केंद्र, सामाजिक एकता की मिसाल

# भव्य पंडाल में जगमगाती रोशनी से सजा मां विश्व स्वरूपा का दरबार, हर दिन उमड़ रहे सैकड़ों श्रद्धालु

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इस साल 4 हजार स्क्वेयर फीट में तैयार पंडाल में 16 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं विराजमान हैं। पंडाल के भीतर प्रवेश द्वार पर भगवान विष्णु और मां दुर्गा की सवारी शेर के दर्शन करने को मिलेंगे। पहले पंडाल में पारंपरिक व सुंदर श्रृंगार से सजी और भक्तों को आशीर्वाद देती मां दुर्गा के आठ स्वरूपों का वर्णन किया गया है। जहां माता पार्वती अधिशेष पर सवार श्रीगणेश व भगवान कार्तिकेय के साथ विराजमान हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर के चौबे कॉलोनी स्थित (करबला) संघर्ष क्लब का पंडाल शहरवासियों के लिए श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। पंडाल की भव्यता और देवी मां की अद्भुत प्रतिमा श्रद्धालुओं के मन को भा रही है। दुर्गोत्सव समिति के सदस्य बीते 50 वर्षों से थीम बेस्ड प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं, जहां दर्शन के लिए सैकड़ों भक्तों की भीड़ हर वर्ष उमड़ती है। क्लब के प्रमुख रूक्कु खान है, जो बीते 35 वर्षों से अपनी देखरेख में समिति का संचालन कर रहे हैं।



### 50 साल पहले चार दोस्तों ने मिलकर की थी शुरुआत

*पंडाल प्रमुख रूक्कु खान ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में बताया कि बचपन से ही दोस्तों और भाइयों संग पंडाल सजाने का अवसर मिला। 50 साल पहले चार दोस्तों राजेश रेड्डी, भोज नायडू, अबीब खान और नारायण सिंह ठाकुर ने इस परंपरा की शुरुआत की थी। अब इस विरासत को रूक्कु खान, इकरार खान, धनंजय तिवारी, प्रतीक शर्मा और निखिल रेड्डी मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। हर साल 6 महीने पहले से तैयारी शुरू होती है। पंडाल की थीम, सजावट और देवी स्वरूप की रूपरेखा खुद रूक्कु खान तय करते हैं। रूक्कु और इकरार खान ने बताया कि पहले सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ त्योहार मनाते थे, लेकिन अब सोच में बदलाव आया है। फिर भी समिति आज भी सभी समुदायों को साथ लेकर चल रही है। यह पंडाल न केवल भक्ति का केंद्र है, बल्कि सामाजिक एकता की मिसाल भी है।*

### पंडाल में देवी-देवताओं की 16 प्रतिमाएं विराजमान

यह भव्य पंडाल 9 लाख की कीमत पर कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। वहीं उतई से 16 प्रतिमाएं 5 लाख से अधिक में तैयार कराई गई हैं। पंडाल में प्रतिमाओं को जीवंत रूप देने के लिए अनोखे चमकदार रंगों का प्रयोग किया गया है, वे लाइटिंग के साथ रंग बदलती नजर आती हैं। ऐसे में 4 लाख रुपए में लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। लगभग 35 वर्ष पूर्व 700 से 1100 रुपए में प्रतिमाएं बनवाई जाती थीं, जिस पर अब लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पंडाल में मुख्य देवी प्रतिमा, ज्योति-कलश एवं जंवारा के लिए विशेष स्थान तय किया गया है, जहां केवल पंडा व पंडितजी को जाने की अनुमति दी गई है। धार्मिक आस्था एवं शास्त्रों में वर्णित क्रम अनुसार पूजन-अनुष्ठान सुबह शाम किया जा रहा है। दशहरे के पश्चात भव्य भंडारा की व्यवस्था भी की गई है। जहां 15-20 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद तैयार कराया जाएगा।

### पंडाल में मां दुर्गा विश्व स्वरूपा की छटा

मुख्य पंडाल में मां दुर्गा विश्व स्वरूपा के सौम्य रूप व भव्य छटा के साथ भक्तों को दर्शन दे रही हैं। जहां मां दुर्गा के हाथों पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश, ऋषि-मुनि, गणेश, कार्तिकेय, श्रीकृष्ण समेत अनेक देवताओं के चित्रों का वर्णन किया गया है। ममतामयी, करुणा की देवी की प्रतिमा में अनेक देवताओं के भी मुख लगाए गए हैं, जहां मां दुर्गा के नयन भक्तों को जीवंत दर्शन दे रहे हैं। मानों मां स्वयं दर्शन देने पहुंची हैं।

## खबर संक्षेप

### हिंदी सलाहकार समिति में अशोक बजाज भी



**रायपुर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुर्नगठन किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता अशोक बजाज को सदस्य बनाया गया है। इस समिति में सूचना प्रसारण मंत्री अध्यक्ष, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा अलग—अलग राज्यों के सदस्य बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ से एकमात्र अशोक बजाज को मौका मिला है। सदस्यों के नामों का प्रकाशन भी राजपत्र में किया गया है।

### अपेक्स बैंक को 38.99 करोड़ का लाभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) इस वर्ष अपेक्स बैंक 38.99 करोड़ का शुद्ध लाभार्जन किया। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता ने 26वीं वार्षिक सभा में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अपेक्स बैंक की वर्ष 2000 में मात्र 3 शाखाएं थीं जो अब बढकर 18 हो गई हैं। इस अवसर पर उन्होंने बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपेक्स बैंक की अंशपूजी 230.92 करोड़, निधियाँ (रिजर्व) 740.92 करोड़ अमानत राशि 8714.51 करोड़, स्वयं की निधियाँ 460.85 करोड़ तथा ऋण अवशेष 4610.81 करोड़ है। इस वर्ष अपेक्स बैंक 38.99 करोड़ का शुद्ध लाभार्जन किया। नई टेक्नोलॉली से आया बदलाव केदार नाथ गुप्ता ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी से कार्य की प्रकृति में अत्यधिक बदलाव आया है। अपेक्स बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, आईएमपीएस, आर टीजीएस तथा नेट बैंकिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# सरकार ने बदला टेंडर का नियम, अब कस सकता है ठेकेदारों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया संबंधी नियम में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। इस संबंध में जो निर्णय लिया गया है, उसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। जानकारों का मानना है कि इस बदलाव के बाद उन ठेकेदारों पर शिकंजा कस सकता है, जो टेंडर प्रक्रिया में कमजोरी का फायदा उठाकर शासन को चूना लगाने का काम करते रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2012 में बने निविदा संबंधी नियम की कंडिका में संशोधन किया गया है। यह इस प्रकार है। किसी निविदा को स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को पूरे कार्य के लिए या उसके किसी विशिष्ट भाग के लिए, या कार्य को एक या अधिक निविदाकर्ताओं के बीच वितरित करके, निविदा को स्वीकार करने, या बिना कोई कारण बताए पूरी निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि एक से अधिक बोलीदाताओं ने समान न्यूनतम दर (एल वन) उद्धत की है, तो अधिकतम बोली क्षमता वाले बोलीदाता को स्वीकृति के लिए विचार किया जाएगा। ऐसे निर्णय को किसी भी मंच या न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

**खास बातें**
- लोक निर्माण विभाग ने जारी किया आदेश
- किसी अदालत में चुनौती भी नहीं दे सकते



### तत्काल प्रभाव से हुआ लागू

आदेश में साफ किया गया है कि यह आदेश, तत्काल प्रभावशील होगा। आगामी आमंत्रित किये जाने वाले निविदाओं में, इस संशोधन को निविदा प्रपत्र में शामिल कर निविदा आमंत्रित किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश वित विभाग द्वारा दिए गए अभिमत तथा छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग का अभिमत भी प्राप्त है।

## विभिन्न दूरी और वजन के स्पीड पोस्ट में 12 रुपए तक की वृद्धि

# डाक की 'स्पीड पोस्ट' अब महंगी, ओटीपी सिक्योरिटी के देने होंगे 5 रुपए एक्स्ट्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डाक विभाग ने स्पीड पोस्ट दरों में वृद्धि की घोषणा की है। बढ़ी हुई दरें एक अक्टूबर से लागू होगी। 50 ग्राम वजनी स्पीड पोस्ट की कीमतों में सर्वाधिक 12 रुपए तक की वृद्धि हुई है, जबकि 201 से 500 ग्राम कैटेगरी वाले पार्सल की कीमतों में सिर्फ 3 रुपए ही बढ़ाए गए हैं। 50 ग्राम तक वजनी समान को यदि स्थानीय क्षेत्र में ही पहुंचाना है तो इसके लिए 15 रुपए चार्ज लगता था, जो अब 19 रुपए हो गया है। अपने क्षेत्र के बाहर पहुंचाने के लिए दूरी के अनुसार अधिकतम 35 रुपए तक चुकाने होते थे। लेकिन अब अधिकतम 47 रुपए तक देने होंगे।

- एक अक्टूबर से लागू होगी नई दर, छात्रों को 5 प्रतिशत की छूट

त्योहारी मौसम में या किसी अवसर विशेष पर स्पीड पोस्ट भेजने वालों की जेब पर इससे अधिक बोझ नहीं पड़ेगा, लेकिन नियमित रूप से अधिक संख्या में स्पीड पोस्ट करने वाले संस्थानों को अब अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। डाक विभाग का कहना है कि डाक सेवा के शुल्क में संशोधन के साथ सुविधा और सुरक्षा भी दोगुनी हो गई है। कल से लागू होने वाले नए शुल्क और तकनीकी सुधारों का उद्देश्य स्पीड पोस्ट को और अधिक विश्वसनीय, सुरक्षित और आधुनिक बनाना है।




### पुरानी दर

50 ग्राम - 15 रुपए से 35 रुपए तक (दूरी अनुसार)
51 से 200 ग्राम - 25 से 70 रुपए
201 से 500 ग्राम- 30 से 90 रुपए
500 ग्राम से अधिक भार होने पर अतिरिक्त जुड़ने वाला शुल्क- 10 से 50 रुपए

### नई दर

50 ग्राम - 19 रुपए से 47 रुपए तक (दूरी अनुसार)
51 से 200 ग्राम - 24 से 77 रुपए
201 से 500 ग्राम- 28 से 93 रुपए
500 ग्राम से अधिक भार होने पर अतिरिक्त जुड़ने वाला शुल्क पूर्व की ही तरह रहेगा।

### नए ग्राहकों को 5 प्रतिशत छूट

छात्रों को सुविधा प्रदान करने के लिए स्पीड पोस्ट शुल्क पर 10 प्रतिशत की छूट लागू की गई है, जबकि नए बल्क ग्राहकों के लिए 5 प्रतिशत की विशेष छूट भी उपलब्ध है। डाक विभाग ने कहा, हमने स्पीड पोस्ट की शुरुआत 1 अगस्त 1986 से की थी। तब से यह सेवा देश की सबसे विश्वसनीय सेवा है। निजी क्षेत्र को भी हम मजबूती से प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं। नए दर के साथ हम नई सुविधा भी प्रदान करेंगे।

### वन टाइम पासवर्ड की सुविधा

डाक विभाग का कहना है कि सेवा की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। अब ग्राहक वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित सुरक्षित वितरण, ऑनलाइन भुगतान विकल्प, रियल-टाइम डिलीवरी ट्रैकिंग, शॉर्ट मैसेज सर्विस (एसएमएस) आधारित सूचना, ऑनलाइन बुकिंग सेवाएं और उपयोगकर्ता पंजीकरण जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। 'पंजीकरण' और 'वन-टाइम पासवर्ड डिलीवरी' जैसी सेवाओं के लिए प्रति आइटम 5 रुपए शुल्क देना होगा। पंजीकरण में यह सुनिश्चित होता है कि वस्तु केवल प्राप्तकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही वितरित की जाए, जबकि ओटीपी डिलीवरी सुविधा में वस्तु केवल तभी प्राप्तकर्ता को दी जाएगी, जब ओटीपी प्रदान की जाएगी। अर्थात संबंधित व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य किसी को डिलीवरी प्राप्त होने की कोई आशंका नहीं होगी।

# चांदी के दाम डेढ़ लाख के करीब, सोना सवा लाख के रास्ते पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सोने और चांदी के दाम में तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है। चांदी का अब इसी सप्ताह डेढ़ लाख तक जाना तय हो गया है। शनिवार को बाजार बंद होने पर चांदी के दाम 143900 थे, एक ही दिन में सोमवार को दाम सीधे 41 सौ रुपए बढ़े और दाम 148000 हो गए। सोने की कीमत भी सोमवार को 12 सौ रुपए बढ़ी है।

- चांदी के दाम एक ही दिन में 41 सौ रुपए और सोना 12 रुपए महंगा

सोने और चांदी के दाम जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, उससे तय है कि इस बार पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर इसके दाम रिकार्ड स्तर पर रहेंगे। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरखमालू ने बताया, सोने और चांदी के भाव में अभी तेजी थमना मुश्किल लग रहा है। सोमवार को सोना और चांदी के भाव उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सोना 119100 प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 148000 प्रति किलोग्राम पहुंच गई, जबकि पिछले सप्ताह कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन सोना 117900 प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 143900 प्रति किलोग्राम थी।

श्री मालू ने बताया, सोने और चांदी के भाव में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता, रूस द्वारा यूक्रेन पर फिर से हमला और अमेरिका द्वारा यूक्रेन को सहयोग का आश्वासन, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव प्रमुख है। इन खबरों के कारण स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर रुखकर रहे हैं जिसके कारण सोने एवं चांदी के दामों में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है।

## केरल बीजेपी प्रवक्ता का राहुल को सीने में गोली मारने का बयान, सिविल लाइंस थाने पहुंचे कांग्रेसी



**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी केरल के प्रवक्ता पिन्टू अमित महादेव ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सीने में गोली मारी जाएगी जैसे अशोभनीय बयान दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में सिविल लाइंस थाना पहुंचकर पिन्टू अमित महादेव पर एफआईआर किए जाने की मांग की है।

- कांग्रेस ने कहा- मोइत्रा पर हो सकता है, तो केरल कांग्रेस के प्रवक्ता पर क्यों नहीं

उन्होंने कहा, जिस प्रकार पश्चिम बंगाल में बयान दिये जाने पर महुआ मोईत्रा जो कि वर्तमान में सांसद हैं, उन पर राजधानी के माना थाने में एफआईआर भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा कराई गई, ठीक उसी प्रकार केरल में बयान दिये जाने पर सिविल लाइंस थाने में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता पर एफआईआर होनी चाहिए, क्योंकि एक प्रदेश में दो कानून नहीं चलेगा, और अगर एफआईआर नहीं की जाती है, तो सिविल लाइंस थाने का घेराव किया जायेगा। विकास उपाध्याय ने कहा कि एक परिवार जिसने देश कि आजादी की लड़ाई लड़ी, जिस परिवार के दो सदस्य ने अपने प्राणों तक की आहुति दे दी, उस परिवार के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जो कि आज करोड़ों लोगों की आवाज बन चुके हैं, उन्हें गोली मारने की बात सत्ता पक्ष पार्टी के जवाबदार प्रवक्ता केरल के पिंटू अमित महादेव द्वारा दिया जाना एक सोचनीय विषय है।

## सहकारी बैंक रायपुर को 4979 लाख रुपए का शुद्ध लाभ

**रायपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की 27 सितंबर को हुई वार्षिक आमसभा में यह जानकारी दी गई है कि बैंक ने वर्ष 2024-25 में 216 करोड़ रुपये का सकल लाभ अर्जित किया है तथा इस अवधि में 4979.59 लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। आमसभा में बैंक के अंशधारी सदस्यों को राशि 603.78 लाख रुपए लाभांश वितरण किये जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग तथा प्राधिकृत अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर की अध्यक्षता में मुख्य कार्यालय रायपुर में आमसभा हुई। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने आमसभा को जानकारी दी कि गत खरीफ वर्ष 2024 में अल्पकालीन ऋण 3,92,085 किसानों को राशि 1,713.24 करोड़ रुपये तथा चालू खरीफ ऋण में 23 सितंबर तक 3,89,231 किसानों को राशि 1,704 करोड़ रुपये ऋण वितरण किया जा चुका है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बजट 2 करोड़, 7 दिन की शूटिंग, इस हॉरर फिल्म ने कमाए थे 1600 करोड़



हॉरर फिल्मों की अपनी एक दुनिया है। हॉरर फिल्मों के अपना एक फैन बेस है। फिर ओटीटी की दुनिया में तो हॉरर कॉन्टेंट की जबरदस्त डिमांड है। लेकिन, 18 साल पहले एक ऐसी हॉरर फिल्म आई थी जिसने दुनिया भर में तहलका मचा दिया था। लेकिन, इस फिल्म ने दिखा दिया कि अगर कॉन्सेप्ट में दम हो, काम करने की शैली में दम हो और ऑडियंस की नब्ज समझते हों तो फिर आपको किसी बड़े बजट या स्टार्स की जरूरत नहीं है। जिस हॉरर फिल्म का हम जिक्र करने जा रहे हैं वो एक ऐसी ही फिल्म है जिसने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। ये है 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया।

### टॉलीवुड

## एडवांस बुकिंग में कंतारा चैप्टर 1 के आगे ढेर हुई 'सनी संस्कारी'



**नई दिल्ली।** इस दशहरा, सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली एकमात्र हिंदी फिल्म है सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी। इस रोमांटिक कॉमेडी में वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन, इस फिल्म को कड़ी टक्कर मिल रही है कन्नड़ फिल्म कांतारा चैप्टर 1 से. यह 2022 में आई कांतारा का प्रीक्वल है जो हिंदी बेल्ट में सुपरहिट रही थी, जिसने हिंदी डब के साथ 84 करोड़ रुपए की कमाई की थी। स्वाभाविक रूप से, इसके प्रीक्वल को लेकर भी जबरदस्त उत्साह है और यह बॉलीवुड की इस मल्टी-स्टारर फिल्म से आगे निकल रही है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की एडवांस बुकिंग रविवार से शुरू हुई, जो गुरुवार को रिलीज से चार दिन पहले थी। ट्रेड सूत्रों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक इस फिल्म के देशभर में करीब 9000 टिकट बिके। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार दोपहर 12 बजे तक सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की एडवांस बुकिंग से 29.32 लाख रुपए की कमाई हुई. यह एक रोमांटिक कॉमेडी के लिए अच्छा आंकड़ा है, लेकिन त्योहारी रिलीज के हिसाब से यह थोड़ा कम है। फिल्म के निर्माता उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में बुकिंग में तेजी आएगी और फिल्म अच्छा ओपनिंग कलेक्शन हासिल कर लेगी। लेकिन, शशांक खेतान की इस फिल्म के लिए चिंता की बात यह है कि कांतारा चैप्टर 1 टिकट खिड़की पर बेहतर प्रदर्शन कर रही है. यह फिल्म भी उसी दिन रिलीज हो रही है. हालांकि यह मूल रूप से कन्नड़ में है, लेकिन इसका हिंदी डब भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। सोमवार दोपहर तक कांतारा चैप्टर 1 के हिंदी वर्जन ने पहले दिन के लिए 11,000 से ज्यादा टिकट बेचे और सैकनिल्क के अनुसार, 33 लाख रुपए की कमाई की, जो सनी संस्कारी से आगे है।

### भोजपुरी

## खेसारी के वायरल सॉन्ग में सलमान की हीरोइन



**नई दिल्ली।** भोजपुरी इंडस्ट्री का नाम आते ही सबसे पहले जिस स्टार का चेहरा दिमाग में आता है, वो हैं खेसारी लाल यादव। चाहे फिल्मों की बात हो या फिर गानों की, खेसारी का जादू हर जगह चलता है. उनके गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा जाते हैं और कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज बटोर लेते हैं। यही वजह है कि लोग बेसब्री से उनके नए सॉन्ग का इंतजार करते हैं। हाल ही में रिलीज हुआ उनका ताजा गाना नथुनिया 2 इसका सबसे बड़ा सबूत है। इस गाने में पहली बार खेसारी के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह नजर आई हैं और दोनों की जोड़ी को देखने के लिए फैन्स दीवाने हो गए हैं। डेजी शाह सलमान खान के साथ जय हो फिल्म में नजर आ चुकी हैं। इसे खुद खेसारी लाल यादव ने गाया है, बोल लिखे हैं कृष्णा बेदर्दी ने और म्यूजिक दिया है केआरके यादव ने. गाने का तड़का बढ़ाने के लिए कोरियोग्राफी की है रोहित ने, जिसकी वजह से वीडियो देखने लायक बन गया है। खेसारी का 'नथुनिया पार्ट 1' तीन साल पहले आया था और आज भी यूट्यूब पर छाया हुआ है. इसे अब तक 540 मिलियन (54 करोड़) से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. यानी 'नथुनिया 2' को अभी लंबा सफर तय करना है, लेकिन फैंस की दीवानगी देखकर कहना गलत नहीं होगा कि ये गाना भी जल्द ही करोड़ों में खेलेगा।

### लाइफ स्टाइल

## इंडो-वेस्टर्न ड्रेस में नजर आईं हिना खान


टीवी की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में कुछ तस्वीरें साझा की हैं।इन फोटोज में हिना खान रेड और ग्रीन आउटफिट में नजर आईं, जिसमें उनका लुक बेहद कमाल का लगा। हिना खान की ये तस्वीरें देख फैंस भी उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। हिना खान अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। हिना खान का ड्रेसिंग सेंस बेहद कमाल का है। चाहे ट्रेडिशनल हो या वेस्टर्न, हर लुक में हिना खान कहर ढाने का काम करती हैं।



## त्योहारों के मौसम में दिखना है बेहद आकर्षक तो इन लिपस्टिक शेड का करें चयन

त्योहारों का समय आ गया है और इस दौरान महिलाएं अपने मेकअप पर खास ध्यान देती हैं। लिपस्टिक शेड्स का चयन करना एक अहम कदम है, जो आपके पूरे लुक को बदल सकता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे लिपस्टिक शेड के बारे में बताएंगे, जो त्योहारों के मौसम में आपको स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएंगे। इन शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आकर्षक और खास दिख सकती हैं।

**रेड लिपस्टिक :** रेड लिपस्टिक हमेशा से ही महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रही है। यह न केवल आपके होंठों को चमकदार बनाती है, बल्कि आपके पूरे चेहरे को भी निखारती है। त्योहारों के समय में रेड लिपस्टिक पहनना एक बेहतरीन विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएगी और आपके लुक को खास बनाएगी। चाहे आप साड़ी पहन रही हों या सलवार-कमीज, रेड लिपस्टिक हर परिधान के साथ जचेगी।



**बेबी पिंक लिपस्टिक :** बेबी पिंक लिपस्टिक हमेशा से ही एक प्यारा और नाजुक शेड होता है, जो हर त्वचा की स्टोन पर अच्छा लगता है। यह शेड न केवल आपके होंठों को मुलायम दिखाता है, बल्कि आपके चेहरे पर ताजगी भी लाता है। त्योहारों के समय में बेबी पिंक लिपस्टिक पहनना एक अच्छा विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको सॉफ्ट और आकर्षक दिखाएगी। चाहे आप किसी पारंपरिक पोशाक में हों या आधुनिक लुक में बेबी पिंक लिपस्टिक हर अवसर पर सूट करेगी।

### ब्राउन लिपस्टिक

ब्राउन लिपस्टिक एक प्राकृतिक और सॉफ्ट शेड होता है, जो आपके होंठों को एक मिट्टी जैसा लुक देता है। यह शेड रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है और आपको प्राकृतिक रूप में सुंदर दिखाता है। ब्राउन शेड की लिपस्टिक आपके लुक को साधारण लेकिन आकर्षक बनाती है। इस शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आत्मविश्वास से भरपूर दिख सकती हैं। ब्राउन शेड की लिपस्टिक हर प्रकार की पोशाक के साथ जचेगी।

### फूशिया पिंक लिपस्टिक

फूशिया पिंक लिपस्टिक एक चमकीला और जीवंत शेड होता है, जो आपके होंठों को ऊर्जा से भर देता है। यह शेड खासकर बड़े समारोहों या पार्टियों के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है। फूशिया पिंक लिपस्टिक आपके लुक को ताजगी भरा बनाती है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाती है। इन सभी शेड्स में से आप अपनी पसंद और अवसर के अनुसार चुन सकती हैं, जिससे आपका त्योहारों का मौसम और भी खास बन जाएगा।

## बंगाली बाला वाला लुक पाने के लिए पहनें इस राज्य के ये पारंपरिक आभूषण






पश्चिम बंगाल में महिलाएं अलग अंदाज में तैयार होती हैं और उनका स्टाइल उनकी संस्कृति की गाथा कहता है। इस राज्य की महिलाएं ज्यादातर सफेद और लाल साड़ी में नजर आती हैं। यह पारंपरिक साड़ी तभी सुंदर लगती है, जब इसे खूबसूरत गहनों के साथ सजाया गया हो। हालांकि, बंगाली लुक के लिए आपको साधारण जेवर के बजाय पश्चिम बंगाल के पारंपरिक आभूषण चुनने चाहिए। आज के फैशन टिप्स में कई तरह के बंगाली जेवर के बारे में जानिए।

**मंतशा:** मंतशा हाथों में पहना जाने वाला एक आभूषण होता है, जो सोने से बना होता है। यह बड़े आकार वाला होता है और इसे कलाई में बांधा जाता है। इसमें सुंदर लेस वाली डिजाइन होती है और इसके आगे की ओर चेन के जरिए अंगूठियां भी जोड़ी जाती हैं। कुछ मंतशा में रत्नचूर यानि कि हाथ फूल भी जुड़ा होता है, जो इस आभूषण की सुंदरता को और भी बढ़ा देता है। इसे खास तौर से नई दुल्हन पहनती हैं।

**शाखा पोला :** पश्चिम बंगाल के जिस जेवर के बारे में हर कोई जानता है वह है शाखा पोला या शंख पोला। ये लाल और सफेद रंग की खूबसूरत चूड़ियां होती हैं। सफेद चूड़ियों को शंख से और लाल चूड़ियों को मूंगा यानी पोला से तैयार किया जाता है। यह चूड़ियां केवल शादीशुदा महिलाओं द्वारा पहनी जाती हैं और उनके सुहाग की निशानी होती हैं। शाखा पोला चूड़ियां पारंपरिक बंगाली साड़ी पर खूब जंचती हैं।

**सोने की नथ :** बंगाली महिलाएं हमेशा सोने के जेवर पहनना पसंद करती हैं, जो हर परिधान के साथ अच्छे लगते हैं। इन्हीं सोने के जेवरों में से एक है नथ, जो उनके लुक को पूरा करने का काम करती है। बंगाली नथ छोटी और गोल होती हैं, जिनमें झुमकी और बालों में फंसाने वाली चेन भी लगी होती हैं। ये कई सुंदर डिजाइन में उपलब्ध रहती हैं और खास तौर से त्योहारों और शादी जैसे मौकों पर पहनी जाती हैं।


**7 नोली हार :** बंगाली बाला वाला लुक बिना हार पहने पूरा नहीं हो सकता। इस राज्य की महिलाएं गले में 7 नोली हार सजाती हैं, जिसे पहनकर आप बहुत खूबसूरत लगेंगी। यह शादीशुदा महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला आभूषण होता है, जिसमें कुल 7 चेन होती हैं। हर चेन पहले वाली चेन से बड़ी होती है और एक साथ जुड़ी हुई रहती हैं। इसके अलावा बंगाली महिलाएं चिक नाम का हार पहनती हैं, जो गले से चिपका हुआ रहता है।

**मुकुट :** बंगाली दुल्हन का श्रृंगार बिना मुकुट के अधूरा माना जाता है। यह मुकुट सोने या फिर मोतियों और रत्नों से बनाया जाता है। इसे बंगाली भाषा में टोपोर या शोला मुकुट कहकर पुकारते हैं। इसका सफेद रंग पवित्रता, मासूमियत और दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक होता है।

## फेशियल करवाने के बाद अनजाने में हो जाते हैं ऐसे काम जिनसे होता है नुकसान

फेशियल एक बेहतरीन त्वचा देखभाल उपचार है, जो त्वचा को साफ करने, नमी प्रदान करने और पोषित करने में मदद करता है। इसके बाद त्वचा को आराम और पोषण देने के लिए कई लोग कई तरह के स्किन केयर रूटीन अपनाते हैं। हालांकि, कुछ लोग अनजाने में ऐसे काम कर देते हैं, जिससे उनकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे काम बताते हैं, जो फेशियल के बाद नहीं करने चाहिए।

**धूप में निकलना पड़े तो लगाएं सनस्क्रीन :** फेशियल के बाद त्वचा काफी कोमल हो जाती है, इसलिए धूप में निकलने से पहले धूप से बचाने वाली क्रीम लगाना न भूलें। इससे आपकी त्वचा सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षित रहेगी। अगर आपके पास यह क्रीम नहीं है तो किसी भी तरह के बाहर निकलने से बचें। अगर धूप में निकलना मजबूरी हो तो चेहरे को किसी कपड़े या टोपी से ढक लें। इसके अतिरिक्त घर से बाहर निकलने से पहले चेहरे को मॉइस्चराइज करें।



### चेहरे को न धोएं

फेशियल के बाद चेहरे को धोना गलत है क्योंकि इससे आपकी मेहनत बेकार हो सकती है। फेशियल के बाद त्वचा पर नमी और पोषण मिलता है, लेकिन पानी के कारण यह सब निकल जाता है। इससे त्वचा को सारा फायदा कम मिलता है। इसलिए फेशियल के बाद कम से कम 12 से 24 घंटे तक चेहरे को धोने से बचें।


### फेशियल के बाद न करें स्क्रब

फेशियल के बाद त्वचा काफी संवेदनशील हो जाती है, इसलिए इसे स्क्रब करने से बचें। स्क्रबिंग त्वचा की गंदगी और मृत त्वचा की परत को हटाने में मदद करता है, लेकिन फेशियल के बाद ऐसा करने से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।

## मेकअप के बिना भी लगेंगी बहुत खूबसूरत, दिखेगा बेहतरीन लुक्स

मेकअप न करने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप कम खूबसूरत लगेंगी। कई महिलाएं बिना मेकअप के भी बेहतरीन लुक पा सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि वे अपनी त्वचा का ख्याल रखें और कुछ सरल उपाय अपनाएं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप बिना मेकअप के भी आकर्षक दिख सकती हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपनी प्राकृतिक सुंदरता को निखार सकती हैं।

**रोजाना चेहरा धोएं और नमी दें :** रोजाना चेहरा धोना और नमी देना सबसे जरूरी कदम है। सुबह और रात दोनों समय अपने चेहरे को हल्के साबुन और पानी से धोएं। इसके बाद अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार एक अच्छा



मॉइस्चराइजर लगाएं। यह आपकी त्वचा को नमी देगा और उसे ताजगी देगा। नियमित रूप से चेहरा धोने से गंदगी और तेल हटता है, जिससे आपकी त्वचा साफ और चमकदार दिखती है। इसके अलावा मॉइस्चराइजिंग से त्वचा को नमी मिलती है।

**धूप से बचाव करें :** धूप से बचाव करना बेहद जरूरी है, चाहे आप घर से बाहर निकल रही हों या घर के अंदर ही हों। यह आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है, जो झुर्रियों, दाग-धब्बों और त्वचा की अन्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। रोजाना कम से कम एसपीएफ 30 वाले सनस्क्रीन का उपयोग करें और हर दो घंटे बाद इसे दोबारा लगाएं। यह आपकी त्वचा को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**भरपूर पानी पिएं और स्वस्थ आहार लें :** शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही ताजे फलों और सब्जियों का सेवन करें। यह आपकी त्वचा को पोषण देता है और उसे चमकदार बनाता है।

**कार्नर न्यूज**

### एथनिक फुटवियर्स न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं

## पुरुष अपने लिए एथनिक फुटवियर्स खरीदते समय रखें कुछ खास बातों का ध्यान, होगा सही चयन

पुरुषों के लिए एथनिक फुटवियर्स का खास महत्व होता है। चाहे शादी हो, त्योहार हो या कोई अन्य खास अवसर, सही फुटवियर्स आपके पहनावे को पूरा करते हैं। एथनिक फुटवियर्स न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। इसलिए जब आप एथनिक फुटवियर्स खरीदने जाएं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका चयन सही हो और आप हर मौके पर सबसे अच्छे दिखें।



### सामग्री का चयन करें

एथनिक फुटवियर्स की सामग्री बहुत अहम होती है। चमड़ा, कैनवास और रेशम जैसी सामग्रियां सबसे आम होती हैं। चमड़ा सबसे मजबूत होता है, लेकिन इसकी देखभाल करनी पड़ती है। कैनवास हल्का और आरामदायक होता है, जबकि रेशम दिखने में बहुत सुंदर लगता है, लेकिन जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए अपनी जरूरत और मौके के हिसाब से सामग्री का चयन करें ताकि आपके फुटवियर्स लंबे समय तक चलें और आपको आरामदायक भी महसूस हो।

### फिटिंग पर ध्यान दें

एथनिक फुटवियर्स का आकार और फिटिंग बहुत जरूरी है। सही आकार का चयन करें ताकि पहनने में कोई दिक्कत न हो। अगर फुटवियर्स ढीले होंगे तो चलने में परेशानी होगी और अगर तंग होंगे तो पैरों में दर्द होगा। इसलिए अपने पैरों के आकार के अनुसार सही फिटिंग वाले फुटवियर्स चुनें। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि फुटवियर्स पहनने के बाद आरामदायक महसूस हों और पूरे दिन पहनने पर कोई असुविधा न हो।

### आरामदायक होना चाहिए

आरामदायक होना सबसे अहम बात है जब बात एथनिक फुटवियर्स की आती है। लंबे समय तक किसी भी समारोह में रहना हो या फिर शादी में नाचना हो, आरामदायक एथनिक फुटवियर्स पहनना जरूरी है ताकि पैरों में दर्द न हो। इसके लिए मुलायम पैडिंग वाले एथनिक फुटवियर्स चुनें, जो आपके पैरों को पूरी तरह से सहारा दें।

### ब्रांड और गुणवत्ता पर ध्यान दें

अंतिम लेकिन जरूरी बात यह है कि हमेशा अच्छे ब्रांड और गुणवत्ता वाले एथनिक फुटवियर्स खरीदें। सस्ते एथनिक फुटवियर्स खरीदकर बाद में पछतावा होने की बजाय अच्छे ब्रांड का चयन करें, जो लंबे समय तक चलते हों और उनकी गुणवत्ता बेहतरीन हो। इससे न केवल आपका पैसा बचेगा बल्कि आप हर मौके पर सबसे अच्छे दिखेंगे।



### डिजाइन और रंग का चयन करें

एथनिक फुटवियर्स का डिजाइन और रंग भी अहम होता है। एथनिक पोशाक के साथ मेल खाते हुए डिजाइन चुनें ताकि आपका लुक पूरा लगे। रंगों की बात करें तो सोने, चांदी, लाल या हरे जैसे गहरे रंग बहुत अच्छे लगते हैं। इसके अलावा अगर आप कुछ अलग चाहते हैं तो मिश्रित रंगों या पैटर्न वाले फुटवियर्स भी आजमा सकते हैं। अपने कपड़ों के रंग और डिजाइन के अनुसार फुटवियर्स का चयन करें ताकि वे एक-दूसरे के साथ मेल खाएं।